नई दिल्ली
मंगलवार 23 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 65
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 30

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, 'मुख्यमंत्री अलीगढ़ में अपने सभी तय कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। हमारी प्राथमिकता घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराना है। घटना कैसे और क्यों हुई, इसका पता जांच रिपोर्ट से चलेगा।

## सीएम योगी ने लिया संज्ञान, घायलों से मिले और जांच के दिए आदेश

# लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में भीषण आग, 15 की मौत, कई घायल

- अलीगढ़ से कार्यक्रम छोड़कर सीधे हादसे वाली जगह पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ
- एक युवक ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी, जिसे अस्पताल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित हेड हापर्स स्टूडियो कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। आग लगने के बाद कोचिंग सेंटर में अफरा-तफरी मच गई और बचाव के लिए 14 दमकल गाड़ियों को घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। सीएम योगी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए घटनास्थल और केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार ने मृतकों एवं घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। मामले की जांच जारी है। आग की सूचना के तुरंत बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे थे। डीएम सहित तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद थे। प्रशासन ने आग लगने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीएम योगी ने घायलों से की मुलाकात



घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ से लखनऊ रवाना हो गए। उन्होंने पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया और बाद में केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायलों एवं पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेम राज सिंह के अनुसार 22 से 23 लोगों को अस्पताल लाया गया, जिनमें 15 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया था। आठ घायलों का उपचार जारी है। इनमें छह की हालत स्थिर जबकि दो गंभीर बताए गए हैं।

### ऑटोमैटिक लॉक गेट और इमरजेंसी एग्जिट की कमी बनी वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कोचिंग सेंटर का प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन सिस्टम से संचालित था। आग लगने के बाद गेट लॉक हो गया, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। भवन में आपातकालीन निकास द्वार भी नहीं था। प्रशासन, पुलिस और अग्निशमन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे प्रदेश के कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिस इमारत में आग लगी थी, उसी में पालतू पशुओं की दुकान और क्लिनिक थी। यहां से बिल्लियों को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाला गया है। लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा, ₹14 लोगों को मृत घोषित किया गया है और पांच अन्य घायल हैं, जो खतरे से बाहर हैं। उन्हें इलाज मुहैया कराया जा रहा है। जो भी घायल आएगा, उसे इलाज दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, आर्थिक मदद का ऐलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को आर्थिक राहत देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### महाकालः भस्म आरती में वीआईपी कल्चर पर 'रोक'



**उज्जैन।** बाबा महाकाल की विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती की बुकिंग में वीआईपी कल्चर और धांधली रोकने के लिए मंदिर समिति ने कड़ा कदम उठाया है। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु एक मोबाइल नंबर या पहचान पत्र से तीन महीने (90 दिन) में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। यह पाबंदी आम भक्तों के साथ-साथ प्रोटोकॉल (वीआईपी) से आने वाले लोगों पर भी समान रूप से लागू होगी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंदिर समिति ने इस व्यवस्था को दोबारा सख्ती से प्रभावी किया है। अब तक कई लोग प्रोटोकॉल का फायदा उठाकर हर महीने ऑनलाइन बुकिंग करा लेते थे।

### सीआईएसएफ के मुख्यालय की रखी आधारशिला



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। सीआईएसएफ के लिए यह नया भवन लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में मौजूदा मुख्यालय भवन के निकट बनाया जाएगा यह भवन 0.66 एकड़ भूमि पर लगभग 75.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा। इसका निर्माण कार्य मई 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है। कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हैदराबाद में सीआईएसएफ की दो नई इमारतों तथा तमिलनाडु के शिवगंगा में एक नई इमारत का उद्घाटन भी किया।

## विदेश मंत्री बतमुन्ख से हुई बातचीत में रणनीतिक साझेदारी के साथ अन्य जरूरी मुद्दों पर किया गया विचार-विमर्श

# अपनी विदेश यात्रा के पहले पड़ाव मंगोलिया पहुंचे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व संग हुई मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर सोमवार को अपनी दो देशों की चार दिवसीय विदेश यात्रा (22 से 25 जून तक) के पहले पड़ाव मंगोलिया की राजधानी उलानबटार पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति खुरेलसुख उखनाओं, विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बतमुन्ख और मंगोलिया के गंदन मठ के मुख्य अधीक्षक खंबा नोमुन जावाजान्दोरज के साथ मुलाकात की है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई कुछ पोस्ट के जरिए जयशंकर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मंगोलिया की विदेश मंत्री बतमुन्ख के साथ हुई चर्चाओं में भारत-मंगोलिया की रणनीतिक साझेदारी का व्यापक रूप से प्रतिबिंब नजर आया। इसके अलावा विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग की समीक्षा की गई है। स्वच्छ ऊर्जा, कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों के संबंध में नए अवसरों की तलाश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि एक तीसरे पड़ोसी और आध्यात्मिक साझेदार के रूप में भारत, मंगोलिया के साथ अपने मजबूत और मित्रतापूर्ण संबंधों को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।



### संबंधों को आगे बढ़ाने का इच्छुक भारत

*मंगोलिया की विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बतमुन्ख से हुई बातचीत को लेकर प्रसन्नता जताते हुए डॉ.जयशंकर ने कहा कि हमारी चर्चा में भारत, मंगोलिया की रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, ताकत और संभावनाओं का प्रतिबिंब नजर आया। वार्ता के दौरान हमने विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की है। खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में अवसरों के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। जयशंकर ने कहा कि एक तीसरे पड़ोसी देश और आध्यात्मिक साझेदार के रूप में भारत, मंगोलिया के साथ अपने घनिष्ठ और मित्रतापूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। अपनी इस यात्रा की शुरुआत करते हुए उन्होंने मंगोलिया के राज्य सचिव मुंकतुशिग इल्खानाजाव के हार्दिक स्वागत के प्रति आभार व्यक्त किया व कहा कि मैं हमारी विशेष साझेदारी को आगे बढ़ाने का इच्छुक हूं।*

### यूं मजबूत हुई साझेदारी

एक अन्य एक्स पोस्ट में विदेश मंत्री ने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखनाओं के साथ हुई शिष्टाचार मुलाकात का उल्लेख किया। साथ ही बताया कि मैंने राष्ट्रपति उखनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से अभिवादन प्रेषित किया। मैं, इस तथ्य को स्वीकार करता हूं कि राष्ट्रपति उखनाओं की वर्ष 2025 में हुई भारत यात्रा ने दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूती गति प्रदान की है। विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर उनका मार्गदर्शन मूल्यवान है। जयशंकर के मुताबिक, मैं मंगोलिया के राष्ट्रपति के इस कथन से पूरी तरह से सहमत हूं कि दोनों देशों के बीच सबसे बड़ी मित्रता आध्यात्मिक मित्रता है। मंगोलिया के गंदन मठ के मुख्य अधीक्षक, उनकी सर्वोच्चता खंबा नोमुन खान गेशे ल्हारामपा डी जावजान्दोरज से भी भारत के विदेश मंत्री की मुलाकात हुई। जिसका जिक्र एक्स पोस्ट में करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने, आम-जनता के बीच सद्भावना के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बुधवार को जाएंगे दक्षिण-कोरिया

*मंगोलिया से भारत के विदेश मंत्री बुधवार को दक्षिण-कोरिया की यात्रा करेंगे। जो उनकी इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा। इस दौरान राजधानी सियोल में जयशंकर की दक्षिण कोरिया के अपने समकक्ष, विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। गुरुवार को वह जेजु फोरम फॉर पीस एंड प्रोस्पेरिटी में मुख्य वक्ता के रूप में अपना भाषण देंगे। जेजु फोरम एक ऐसा मंच है जहां समयबद्ध रूप से विभिन्न क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े हुए विशेषज्ञों की चर्चाओं का आयोजन किया जाता है। भारतीय विदेश मंत्री की यह यात्रा आसियान भागीदारों के साथ नई दिल्ली के संबंधों को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जिसमें क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयास मुख्य रूप से शामिल हैं।*

### विदेश मंत्रालय के बयान का सार

*विदेश मंत्रालय ने 22 जून को एक बयान में बताया कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर 22 से 25 जून तक मंगोलिया और दक्षिण-कोरिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत मंगोलिया से होगी। जहां वह 22 से 23 जून तक रहेंगे। यात्रा की खास बात यह होगी कि जयशंकर मंगोलिया नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। जिसमें विदेश मंत्री बतमुन्ख के साथ होने वाली चर्चा भी शामिल है। दक्षिण कोरिया की यात्रा 24 से 25 जून तक होगी और उसमें वह विदेश मंत्री ह्यून के साथ बैठक करेंगे। साथ ही 25 जून को ही जेजु फोरम में वह मुख्य वक्ता के रूप में अपना भाषण देंगे।*

## चीता संरक्षण की ली जानकारी

# राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से किया संवाद, उनके प्रयासों को सराहा

### कूनो नेशनल पार्क में 49 चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चर्चा करते हुए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनकी ओर से चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किए जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके मानसेवी रूप से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति को चीता मित्रों ने अवगत कराया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद हैं, जिनकी ओर से चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं कु. राजनदंनी आदिवासी हथेडी, श्रीमती मल्हा आदिवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी पालपुर, विनोद आदिवासी पैरा, रामलखन आदिवासी कराहल, लालाराम आदिवासी सेसईपुरा, दौलतराम आदिवासी सेसईपुरा और सतीश आदिवासी मोरावन मौजूद रहे। इस अवसर पर वन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव, पीसीसीएफ शुभरंजन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मौत की रफ्तार... 251 की स्पीड से भाग रही थी बीएमडब्ल्यू

# डिवाइडर से टकराने के बाद टुकड़ों में बंट गई... 2 की मौत



### 30 मीटर दूर गिरा इंजन, एक घायल

एजेंसी ▶▶ ठाणे

मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर बदलापुर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका इंजन घटनास्थल से करीब 30 मीटर दूर जा गिरा।

### दो की मौके पर मौत

*हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के मुताबिक मृतक योगेश नेगी (26) का जन्मदिन मनाने के बाद रेबेका जैकब (24) और कार मालिक अंगद के साथ तीनों बांद्रा लौट रहे थे। हादसे से कुछ देर पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कार की रफ्तार 251 किमी प्रति घंटा दिखाई दे रही है।शुरुआती जांच के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर कंक्रीट बैरिकेड से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हवा में उछली और* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रिलायंस एडीए समूह लोन घोटाला

# सीबीआई ने पूर्व सीईओ देवांग और रवींद्र को किया गिरफ्तार, 7 हजार 623 करोड़ का मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने रिलायंस एडीए समूह से जुड़े बहुचर्चित ऋण अनियमितता मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए देवांग मोदी, पूर्व निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा रविंद्र सुधालकर, पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों की चल रही जांच के तहत की गई है। आरसीएफएल मामले में 13 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 4,097 करोड़ रुपये और आरएचएफएल मामले में 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 3,526 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। इस प्रकार दोनों मामलों में बैंकों को कुल 7,623 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय क्षति हुई है। जांच एजेंसी के मुताबिक, देवांग मोदी अप्रैल 2017 से दिसंबर 2018 तक आरसीएफएल के सीईओ रहे और कंपनी के संचालन से जुड़े प्रमुख निर्णय लेने वालों में शामिल थे। आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से लिए गए ऋणों की शर्तों और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के विपरीत मध्यस्थ एवं कंड्यूट कंपनियों को ऋण स्वीकृत किए। इसी प्रकार, रविंद्र सुधालकर 1 अक्टूबर 2016 से 31 मार्च 2022 तक आरएचएफएल के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ ▶▶ शेष पेज 5 पर

# ग्रामीण मजदूरी और वेतन वृद्धि का सैंपलिंग बदलकर झूठा उछाल दिखाया केंद्र ने, जयराम ने लगाए आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव एवं वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में हेरफेर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक मजदूरी वृद्धि में ठहराव और अर्थव्यवस्था की सुस्ती को छिपाने के लिए सरकार ने आंकड़े जुटाने की पद्धति में बदलाव कर कृत्रिम रूप से ग्रामीण मजदूरी में भारी वृद्धि दिखाने का प्रयास किया है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में दावा किया कि कांग्रेस ने वर्ष 2024 में भी आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से रोजगार की परिभाषा बदलकर रोजगार सृजन के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। उन्होंने कहा कि उस समय वित्त वर्ष 2018 के बाद 16.8 करोड़ नई नौकरियां सृजित होने का दावा किया गया था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार इसी तरह ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार यह मुद्दा उठाती रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती का प्रमुख कारण वास्तविक मजदूरीका ठहराव है, जिसके कारण उपभोग में वृद्धि कमजोर हुई है और निजी निवेश भी प्रभावित हुआ है।

**मजदूरी वृद्धि में अचानक उछाल पर सवाल :** जयराम रमेश के अनुसार, आधिकारिक आंकड़ों में जून 2025 से मार्च 2026 के बीच ग्रामीण मजदूरी की वार्षिक वृद्धि दर लगभग 6 ▶▶ शेष पेज 5 पर

# दो दशक से फरार अपराधियों को सीबीआई ने रायपुर और अहमदनगर से दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई के भारतीय स्टेट बैंक की धनबाद मुख्य शाखा से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और गबन के मामले में लगभग दो दशकों से फरार चल रहे दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बृजभूषण प्रसाद और करतार सिंह के रूप में हुई है। यह मामला SBI की धनबाद मुख्य शाखा से नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1 करोड़ 25 लाख 47 हजार 950 रुपये के धोखाधड़ीपूर्ण गबन से संबंधित है। इस संबंध में सीबीआई ने 31 अगस्त 2005 को मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान दोनों आरोपी नेपाल भाग गए थे। बाद में सक्षम न्यायालय ने उन्हें घोषित अपराधी करार दिया था। उनकी गिरफ्तारी के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था और प्रत्येक आरोपी की सूचना देने पर 25,000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की गई थी। सीबीआई प्रवक्ता। ने बताया कि तकनीकी सूचनाओं, लगातार निगरानी, गहन जांच और समन्वित अभियान के आधार पर 21 जून को दोनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से एक साथ गिरफ्तार किया गया। बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपरगांव से जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई एनएसए डोभाल की द्विपक्षीय बैठक

# एनएसए डोभाल ने की ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के उप-सचिव से मुलाकात

ब्रिक्स एनएसए की 23 जून को होने वाली बैठक के पूर्व में चला उच्च-स्तरीय मुलाकातों का यह सिलसिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली 16वीं बैठक से ठीक एक दिन पहले यानी सोमवार को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने समूह के कुछ सदस्य देशों के एनएसए और सुरक्षा मामलों के शीर्ष अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठकें की हैं। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण रही उनकी ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के उप-सचिव गदिर नेज़ामीपुर के साथ हुई बैठक। दोनों के बीच हुई चर्चा में पश्चिम-एशिया में उभरते हुए हालातों पर विचार-विमर्श किया गया। विदेश ▶▶ शेष पेज 5 पर



पश्चिम एशिया में लगातार उभरते हुए हालातों पर की गई चर्चा

### 11 उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह

*गौरतलब है कि ब्रिक्स वास्तविक रूप में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका जैसे पांच देशों के एक समूह के रूप में जाना जाता है। जिसका वर्ष 2024 में विस्तार होने के बाद मिस्र, इथोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को समूह में सदस्य के रूप में शामिल किया गया और इसके अगले वर्ष 2025 में इंडोनेशिया की ब्रिक्स में एंट्री हुई। वर्तमान में यह समूह दुनिया की 11 उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है। जिसमें 49.5% वैश्विक जनसंख्या निवास करती है। लगभग 40% अंतरराष्ट्रीय जीडीपी और वैश्विक व्यापार में 26% की भी ब्रिक्स में भागीदारी है।*

### भारत उठाएगा आतंकवाद का मुद्दा

*मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ब्रिक्स एनएसए की बैठक में सुरक्षा जगत के तमाम आला अधिकारी क्षेत्र के समूचे सुरक्षा हालात पर चर्चा कर सकते हैं। जिसमें पश्चिम-एशिया के मौजूदा हालात और रूस-यूक्रेन संघर्ष मुख्य रूप से शामिल हैं। भारतीय पक्ष आतंकवाद के मामले को पुरजोर अंदाज में उठा सकता है। जिसमें खासतौर पर सीमा पार यानी पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाए रखने का मसला शामिल है। साथ ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शत्रुता का विषय भी इस उच्च-स्तरीय सुरक्षा वार्ता का हिस्सा बनाया जा सकता है।*

### मई में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक

*यहां बता दें कि पिछले मई महीने में भारत की मेजबानी में ही नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। जिसमें पश्चिम-एशिया संघर्ष के मामले को लेकर ईरान और यूएई के बीच उभरे गहरे मतभेदों की वजह से समूह की तरफ से कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया जा सका था। भारत ने यह कहा था कि ब्रिक्स समूह आपसी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## तीन लाख रुपये के नकली नोट जब्त

# नकली नोटों के बड़े रैकेट का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-1 टीम ने दिल्ली एनसीआर से मालदा (पश्चिम बंगाल) तक फैले नकली भारतीय नोटों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। 200 के मूल्यवर्ग वाले तीन लाख मूल्य के नकली भारतीय नोटों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त नकली नोटों की यह खेप मालदा, पश्चिम बंगाल से मंगाई गई थी।

पुलिस के अनुसार संगठित अपराध पर अंकुश लगाने और दिल्ली एनसीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय आपराधिक सिंडिकेट को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 13/14 जून की रात दिल्ली में नकली भारतीय नोटों की एक बड़ी खेप की डिलीवरी के बारे में विशेष और विश्वसनीय सूचना मिली। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर अजय गहलावत की देखरेख वाली एक रेडिंग टीम का गठन किया गया। टीम ने रोहिणी स्थित सेक्टर-18 में मुनक नहर के पास जाल बिछाकर तीन संदिग्धों को दबोचा। पकड़े गये लोगों के नाम नरेंद्र कुमार उर्फ सेक्रेटरी उर्फ कल्लू निवासी इंदिरा कॉलोनी, रोहतक, अस्तारुल निवासी वैष्णबनगर, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल और राइजुल हक पता चलें। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुये। सभी नोट 200 रुपये के मूल्यवर्ग वाले थे। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नरेंद्र कुमार दिल्ली एनसीआर में नकली नोट लेने और बांटने का मुख्य काम कर रहा था, जबकि आरोपी अस्तारुल और राइजुल हक कैरियर और सप्लायर के तौर पर काम कर रहे थे और पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से नकली नोट लाते थे। नकली नोटों के स्रोत का पता लगाने और इस रैकेट में शामिल पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए अदालत से आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड ली गई है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल के हत्थे चढ़े दो वांटेड विदेशी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नागरिक को एनडीपीएस मामले में 'घोषित अपराधी' करार दिया जा चुका था और दूसरा 'फॉरेनर्स एक्ट' के मामले में वांछित था। दोनों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 84 के तहत कार्यवाही पूरी हो चुकी है। दोनों विदेशी नागरिक न्यायालय के समक्ष पेश होने से बच रहे थे। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार जिले की पुलिस उन आदतन अपराधियों जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों में शामिल रहे हैं पर लगातार नजर रख रही है। इनमें से कुछ जमानत पर रिहा होकर लापता हो गये थे और संबंधित न्यायालय के समक्ष अपनी उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर रहे थे। गिरफ्तार किये गये विदेशी नागरिकों के नाम सोमादीना हिलेरी ऑगस्टिन निवासी अनाम्बरा राज्य, नाइजीरिया और स्टेनली अनेक्वे निवासी डेल्टा राज्य, नाइजीरिया बताये गये हैं।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर 4 करोड़ 83 लाख रुपये का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री से लगभग 4.80 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यात्री 21 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई 2335 से बैंकॉक से आया था और प्रोफाइलिंग के आधार पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद उसे रोक लिया गया। बयान के अनुसार सामान की एक्स-रे जांच के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आई। इसके बाद विस्तृत जांच में लगभग 13.84 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। बयान में कहा कि सामान की जांच में लगभग 13,840 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया। जब्त किए गए इस प्रतिबंधित पदार्थ का अनुमानित मूल्य लगभग 4.83 करोड़ रुपये है। यात्री को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा तथा उसकी पैकिंग सामग्री को जब्त कर लिया गया। बयान के अनुसार जांच जारी है ताकि इस प्रतिबंधित पदार्थ के स्रोत और इसके गंतव्य का पता लगाया जा सके, साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या आरोपी किसी बड़े मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

## सड़क हादसे में बाइक टैक्सी पर सवार महिला की मौत

नई दिल्ली। शाहदरा फ्लाईओवर पर बाइक टैक्सी के फिसल जाने से 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक महिला की पहचान करावल नगर निवासी नीलम के तौर पर हुई है। हादसे के वक्त वह झिलमिल जा रही थी और बाइक टैक्सी पर पीछे बैठी थी। पुलिस को जीटीबी अस्पताल से घायल हालत में महिला के भर्ती होने की सूचना मिली थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि नीलम ने अपने कार्यस्थल तक जाने के लिए बाइक टैक्सी की सेवा ली थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहिया वाहन शाहदरा फ्लाईओवर पर कथित तौर पर फिसल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अधिकारी ने कहा कि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे पकड़ लिया गया है। उसकी पहचान धर्मवीर के रूप में हुई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है।

# फर्जी फर्मों के करंट अकाउंट से ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने ठगों को कमीशन पर मिलने वाले बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पहाड़गंज इलाके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम दिल्ली निवासी संजय (30) और कुलदीप गोले (32), हरियाणा में सोनीपत के रहने वाले 24 वर्षीय निर्दोष बिड़लान और राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी 20 वर्षीय दीपक बिश्नोई बताये गये हैं।

मध्य दिल्ली के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि इस गिरह ने म्यूल खातों का इंतजाम करके ऑनलाइन धोखाधड़ी में अहम भूमिका निभाई। ये खाते फर्जी कंपनियों या लोगों को भर्ती कर उनके नाम पर खोले गए थे और साइबर अपराधियों ने निवेश योजना व नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के साथ-साथ 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे हथकंडों से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनका पैसा इन खातों में लिया और फिर उस रकम को इधर-उधर कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पहाड़गंज के एक होटल में छापा मार कर चार आरोपियों को पकड़ा और इस बाबत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पूछताछ के दौरान पता चला कि यह गिरोह व्यवस्थित तरीके से चलाया जा रहा था जिसमें बाहरी संचालक, स्थानीय समन्वयक और अंतिम उपयोगकर्ताओं का नेटवर्क शामिल है। बाहरी संचालकों ने कथित तौर पर किराये के जाली समझौतों का उपयोग करके फर्जी साझेदारी में कंपनियां बनाई और उनके नाम पर करंट अकाउंट जिन्हें चालू खाते भी कहते हैं खोले। चेकबुक, पासबुक और डेबिट कार्ड सहित बैंकिंग किट दिल्ली भेजी जाती थीं, जहां स्थानीय संचालक उनकी व्यवस्था संभालते थे तथा 'पॉइंट-ऑफ-सेल' (पीओएस) मशीनों और मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके अवैध रूप से प्राप्त धन को वैध व्यावसायिक लेन-देन के रूप में दिखाते थे। जांचकर्ताओं ने बताया कि खाता धारक को लगभग आठ प्रतिशत कमीशन कथित रूप से दिया गया, जबकि बिचौलियों ने अतिरिक्त दो से चार प्रतिशत का कमीशन पाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक चालू बैंक पीओएस मशीन, मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड स्कैनर, व्यावसायिक चालू खाते से जुड़ी पांच चेक बुक और पासबुक, छह डेबिट कार्ड, तीन मूल साझेदार समझौते, कॉर्पोरेट स्टैम्प, पैन कार्ड, संपत्ति को किराए पर देने से जुड़े व्यावसायिक किराए समझौते और चार मोबाइल फोन बरामद किए जिनमें बैंकिंग से जुड़े रिकॉर्ड मिले हैं। डीसीपी ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि जब्त किए गए बैंक खाते राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज साइबर धोखाधड़ी की कई शिकायतों से जुड़े हैं, जिनमें कर्नाटक और महाराष्ट्र से रिपोर्ट किए गए मामले भी शामिल हैं।

## ओ जोन को लेकर सरकार की कथनी और करनी में फर्क : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि रेखा सरकार की कथनी और करनी बहुत बड़ा फर्क है। इसका ताजा उदाहरण है कि सीएम रेखा गुप्ता व अन्य दावा करते आ रहे है कि ओ जाने में कुछ नहीं होगा, लेकिन आज भी कई जगह तोड़ फोड़ जारी है। यादव ने कहा कि अगर सरकार खुद कह रही है कि ओ जोन में बसे पुराने मकानों को तोड़ा नही जाएगा। तो फिर यमुना बाजार-कश्मीरी गेट यमुना किनारे 50 साल से भी भी पुराने लोगों पर बुलडोजर की कार्यवाही क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बयान के बाद भी यमुना बाजार, बुराड़ी स्थित मिलन विहार, जैतपुर गड्डा कॉलोनी और ओखला क्षेत्र में बुलडोजर चलाया जा रहा है। यादव ने आरोप लगाया कि सीएम रेखा गुप्ता ओ जोन के नाम पर दिल्ली की जनता के साथ दोहरा खेल खेल रही है। क्योंकि दिल्ली हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेश है कि यमुना के 22 किलोमीटर दायरे वाले मकानों को तोड़ा जाएगा, फिर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बिना कैबिनेट की बैठक करे और हाई कोर्ट में ओ जोन में तोड़फोड़ पर रोक लगाने की याचिका दायर के कैसे 8 तारीख को एनजीटी के आदेश पर संबधित विभागों, एजेंसियों और मंत्रियों के साथ बैठक करके बड़े-बड़े दावे किए कि अब दिल्ली में ओ जोन की कॉलोनियों में तोड़फोड़ नही होगी। लेकिन दूसरी तरफ मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद यमुना बाजार-कश्मीरी गेट के यमुना किनारे बसे 310 मकानों के तोड़फोड़ रुक नही रही है। यमुना बाजार में 12 मई को डीडीए के 310 मकानों को तोड़ने के सख्त आदेश हैं कि 32 घाटों किनारों बसे 10 हजार से अधिक लोगों को उजाड़ा जाएगा। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अधिकारियों ने पिछले शुक्रवार रात क्षेत्र का दौरा किया और लोगों को जगह खाली करने के आदेश चिपका दिए हैं।

# 40 से अधिक मामलों में शामिल झपटमार समेत तीन लोग अरेस्ट




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की एंटी स्नैचिंग और बर्गरी सेल ने एक झपटमार को चोरी का सामान खरीदने वाले दो लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। इनसे अपराध में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल और छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया हैं। इस गिरफ्तारी से न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन के मोबाइल स्नैचिंग के मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया गया है। मुख्य आरोपी कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन का बीसी (बैड कैरेक्टर) है और वह पहले भी 40 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। एसआई अजय तोमर के नेतृत्व वाली एसआई सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल नवदीप, मनेन्दर, सुबोध, कांस्टेबल मोरध्वज और अनंतपाल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी गुलशन ने हाल ही में गाजीपुर, न्यू अशोक नगर और कल्याणपुरी इलाकों में मोबाइल छीनने की 8-10 घटनाओं में शामिल होने की बात कबूली है।

## ड्रग्स तस्करी में नाइजीरियाई, केन्याई नागरिक समेत तीन अरेस्ट

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की प्रीत विहार पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में नाइजीरियाई व केन्याई नागरिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। केन्याई नागरिक डेढ़ साल पहले पीएचडी करने के लिए दिल्ली आया। एक यूनिवर्सिटी में दाखिला लेकर पढ़ाई के साथ ड्रग्स की तस्करी भी करने लगा था। इनके नाम राधू पैलेस झुग्गी निवासी आफताब, केन्याई छात्र अबोंगो केनेडी और नाइजीरियाई नागरिक लकी बताये गये हैं। इनके पास से 61 ग्राम गांजा, 11 ग्राम एमडीएमए, दो स्कूटी व तस्करी से कमाए गए 1.37 लाख रुपये बरामद किए गये।

## स्पेशल स्टाफ ने जुए के रैकेट का भंडाफोड़ किया, 23 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत 23 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। जुए के लिए दांव पर लगाए गए 65,700 नकद और जुए का अन्य सामान भी जब्त किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में टीम को सूचना मिली कि मंगोलपुरी में ए-ब्लॉक में एक घर की पहली मंजिल पर कुछ लोग गैर-कानूनी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने सर्च वारंट लेकर उस जगह पर छापा मारा। मौके पर पहुंचने पर टीम ने पाया कि कई लोग गैर-कानूनी जुआ खेलने में लगे हुए थे। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने तेजी से कार्रवाई की और उन्हें सफलतापूर्वक काबू कर लिया। मौके से कुल 23 लोगों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान जुए में इस्तेमाल हो रहे 65,700 नकद और जुए का अन्य सामान बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी में एफआईआर दर्ज की गई।

# गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से पिता और दो बेटियां नीचे गिरीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा इलाके में सोमवार दोपहर बाइक सवार एक व्यक्ति और उसकी दो बेटियां गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से कथित तौर पर नीचे गिरने से घायल हो गई। पुलिस ने जानकारी दी कि हादसा गीता कॉलोनी थाने के पास फ्लाईओवर लूप पर हुआ। पिता और एक बेटी की हालत स्थिर है जबकि एक बेटी को बेहतर इलाज के लिये दूसरे अस्पताल रेफर किया गया है। खबर लिखे जाने तक उसकी हालत नाजुक बताई गई थी।

पुलिस के अनुसार घायल व्यक्ति की पहचान आशीष के तौर पर हुई है। वह अपनी दो बेटियों रूबी (12) और मानसी (11) के साथ मोटरसाइकिल से गांधी नगर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। तीनों फ्लाईओवर से कथित रूप से नीचे गिर गए, लेकिन अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि वे कैसे गिरे। आसपास के लोग और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल ले गए। शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा था कि उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर गए।

पुलिस ने बताया कि तीनों को हेगड़ेवार अस्पताल में भर्ती कराया। आशीष और रूबी की हालत स्थिर बताई गई जबकि मानसी को जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया।

# एनडीएमसी अध्यक्ष ने सांगली अपार्टमेंट्स को आठवीं अनुपम कॉलोनी के रूप में किया प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपनी शून्य-अपशिष्ट एवं सतत विकास पहल के अंतर्गत सांगली अपार्टमेंट्स को आठवीं अनुपम कॉलोनी के रूप में प्रमाणित किया।

जानकारी अनुसार सतत शहरी जीवन शैली को बढ़ावा देने तथा सामुदायिक सहभागिता आधारित पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित कोपरनिकस मार्ग पर सांगली अपार्टमेंट्स में शिलापट्ट का अनावरण कर उसे अनुपम कॉलोनी के रूप में प्रमाणित किया। यह सम्मान उत्कृष्ट अपशिष्ट प्रबंधन एवं सतत विकास संबंधी आदर्श कार्यप्रणालियों को अपनाने वाली एक मॉडल आवासीय कॉलोनी के रूप में सांगली अपार्टमेंट को प्रदान किया गया है। इस अवसर पर चंद्रा ने कहा कि सबसे पहले मैं यहां के सभी निवासियों को बधाई देता हूं कि यह कॉलोनी अनुपम कॉलोनी के रूप में प्रमाणित होने वाली आठवीं कॉलोनी बनी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कॉलोनी के लोग अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और सक्रियता के साथ इस अभियान में आगे आए हैं। यहां अपशिष्ट पृथक्करण के लिए पांच अलग-अलग डिब्बों की व्यवस्था की गई है। जिसमें सूखे कचरे का सूक्ष्म स्तर पर पृथक्करण कर रिसाइकल योग्य सामग्री जैसे कपड़े, खिलौने, गत्ता, प्लास्टिक एवं कांच को अलग किया जाता है, जिससे स्रोत स्तर पर ही कचरे में कमी आती है। इसके अतिरिक्त सैनिटरी अपशिष्ट, विशेष देखभाल अपशिष्ट, गीला कचरा, उद्यानिकी अपशिष्ट तथा ई-वेस्ट का भी पृथक्करण किया जा रहा है। इस अवसर पर कोपरनिकस मार्ग स्थित सांगली अपार्टमेंट्स के अध्यक्ष एयर कमोडोर उमेश पी. नगराले ने अनुपम कॉलोनी प्रमाणन प्रदान करने के लिए एनडीएमसी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनडीएमसी की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शकुंतला श्रीवास्तव, सांगली अपार्टमेंट्स के सचिव विंग कमांडर अमिताभ रंजन, एनडीएमसी के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कर्मचारी तथा स्थानीय क्षेत्र की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आईजीआईपीईएसएस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आई.जी.आई.पी.ई.एस.एस.), विश्वविद्यालय दिल्ली में दिनांक 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। इस वर्ष के योग दिवस कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा स्थानीय समाज के नागरिकों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातःकाल योग सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद हरीश ओबेरॉय उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में योग को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं सामाजिक समरसता का आधार बताते हुए सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. तारकनाथ प्रमाणिक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच संचालन एवं कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. मान सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में प्रो. प्रदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों द्वारा योग की वैज्ञानिक उपयोगिता एवं दैनिक जीवन में उसके लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। आयुष मंत्रालय के सहयोग से कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को योग दिवस की स्मृति स्वरूप टी-शर्ट्स वितरित की गईं। इस पहल को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी ने समाज के नागरिकों से अपील की कि वे संस्थान में प्रो. तारकनाथ प्रमाणिक के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संचालित निःशुल्क योग शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को अपनाने हेतु नियमित रूप से योगाभ्यास करें। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **किशन उर्फ सोनू पुत्र राजकुमार निवासी मकान संख्या 716, गली नंबर 19/20, राज मेडिकोज के पास, 4-1/2, पुस्ता सोनिया विहार, वजीराबाद, दिल्ली** (2) **सरफराज उर्फ आमिर पुत्र मोहम्मद सलाम निवासी मकान संख्या 221, डी ब्लॉक, गली नंबर 01, पांचवां पुस्ता बाजनपुरा, दिल्ली** (3) **अनुज उर्फ अंतू पुत्र सुशील कुमार निवासी मकान संख्या एफ-260, गली नंबर 04, गौतम पुरी, दिल्ली और गांधी नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 757/2021 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू, सरफराज उर्फ आमिर** और **अनुज उर्फ अंतू** मिल नहीं रहे हैं और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू, सरफराज उर्फ आमिर** और **अनुज उर्फ अंतू** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 757/2021 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ सोनू, सरफराज उर्फ आमिर** और **अनुज उर्फ अंतू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, उत्तर जिला
कमरा नं.114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8322/ON/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी बब्लू पुत्रः** मंसूर अली, **पताः** वेगाबॉन्ड जमुना बाजार कश्मीरी गेट, दिल्ली **FIR No. 230/2023, U/S: 27/61/ 85 NDPS ACT, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बब्लू**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बब्लू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बब्लू, FIR No. 230/2023, U/S: 27/61/ 85 NDPS ACT, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—11
कोर्ट नं. 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8174/N/2026
(Court Matter)

## अनावश्यक देरी और कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या में आएगी कमी : रेखा

# 'बिजली-सीवर कनेक्शन समेत अब तय समय में मिलेंगी 23 सेवाएं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली सरकार ने बिजली व सीवर का कनेक्शन लेने और भवन पंजीकरण समेत 23 अलग अलग सेवाओं को समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था में शामिल कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में 23 नई सेवाओं को दिल्ली (नागरिक का सेवाओं की समयबद्ध प्रदायगी का अधिकार) अधिनियम, 2011 के तहत समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था में शामिल किया है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस निर्णय से आम नागरिकों के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, होटल, पर्यटन, निर्माण और सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों व आम जन को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य नागरिकों और कारोबारियों को सरकारी सेवाएं निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराना है। अब विभिन्न विभागों से मिलने वाली महत्वपूर्ण अनुमतियां, लाइसेंस, पंजीकरण और अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) तय समय सीमा के भीतर जारी किए जाएंगे। इससे अनावश्यक देरी और कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या में कमी आएगी। गुप्ता ने कहा कि समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था न केवल आम लोगों का अधिकार सुनिश्चित करेगी बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही को भी मजबूत करेगी। बयान के मुताबिक, नई व्यवस्था के अंतर्गत श्रम विभाग फैक्टरी योजना स्वीकृति 15 दिनों में देगा जबकि दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत पंजीकरण केवल एक दिन में किया जाएगा। इसमें कहा गया है, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सीवरेज कनेक्शन 15 दिनों में उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम द्वारा फिल्म शूटिंग की अनुमति 15 दिनों के भीतर प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ऊर्जा विभाग के अंतर्गत बिजली मीटर से संबंधित आवेदन और कनेक्शन समझौते की प्रक्रिया 60 दिनों में पूरी की जाएगी।

बयान के अनुसार, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अंतर्गत बैटरी अपशिष्ट के संग्रहण, भंडारण, परिवहन एवं पुनर्चक्रण से संबंधित गतिविधियों के लिए आवश्यक प्राधिकरण-पत्र (ऑथराइजेशन) 15 दिनों में जारी किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि खाद्य व्यवसाय के लिए राज्य लाइसेंस के वास्ते स्थानीय निकाय का एनओसी 60 दिनों में, होटल पंजीकरण या संचालन अनुमति 60 दिनों में तथा बूचड़खाना लाइसेंस 60 दिनों में जारी किया जाएगा। मोबाइल टावर स्थापना की अनुमति 30 दिनों में तथा निर्माण सामग्री भंडारण की स्वीकृति केवल एक दिन में उपलब्ध कराई जाएगी। बयान के मुताबिक, इसके अतिरिक्त रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के अंतर्गत भवन पंजीकरण तथा रियल एस्टेट एजेंट पंजीकरण की प्रक्रिया 30-30 दिनों में पूरी की जाएगी।

# वन्यजीव संरक्षण कार्यों को मिली गति: सिरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में पारिस्थितिक संतुलन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों को गति मिली है। यहां वन्यजीवों के लिए 218 जलस्रोत(वाटर होल) विकसित किए गए है जिससे वन्यजीवों के लिए गर्मियों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी रिज क्षेत्र में 10 लाख से अधिक देशी पौधों का रोपण किया जाएगा। जबकि भारत नर्सरी में वनी करण एवं निशुल्क पौध वितरण के लिए लगभग 6 लाख पौधों का संवर्धन किया जा रहा है। सिरसा ने कहा कि असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य दिल्ली की सबसे महत्वपूर्ण पारिस्थितिक धरोहरों में से एक है और अरावली पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा है। सरकार का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक तरीकों से भू-खंडों को वन पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तित करना है। जो वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करें, वायु गुणवत्ता में सुधार लाएं और दिल्ली के पर्यावरण को सुदृढ़ बनाएं। सिरसा ने सोमवार को असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में व्यापक स्तर पर पारिस्थितिक इको-रिस्टोरेशन वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य दिल्ली की पारिस्थितिकी क्षमता को मजबूत करना, क्षतिग्रस्त भूमि का पुनर्स्थापन करना तथा देशी जैव विविधता का संरक्षण करना है।

### ऑटो चालकों का आरोप

## गृहमंत्री आवास पर प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने से पहले ही दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में रखा व शाम के समय छोड़ दिया। इस बारे में प्रदर्शन का आह्वान करने वाले संगठन ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि ऑटो चालकों ने प्रदर्शन को लेकर काफी पहले ही पुलिस को सूचित कर दिया था। लेकिन जैसे ही सोमवार को प्रदर्शन के लिए निकले चाणक्यपुरी में हमारे तमाम साथियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर अलग अलग करते हुए नरेला थाने में भेज दिया जहां शाम पांच बजे के करीब छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अधीन सहकारी भारत टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड में महिलाओं के साथ यौन शोषण तथा पुरुष कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ लगातार सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी के बावजूद ऑटो टैक्सी किराए वृद्धि नहीं की जा रही। इन सब को लेकर संगठन ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। वर्मा ने कहा कि हमारा विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण था और केवल गृहमंत्री को तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज्ञापन पत्र सौंपना चाहते थे। किंतु पुलिस ने ऐसा करने से पहले ही हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

## बिजली कंपनियों के कैग ऑडिट पर कोर्ट के फैसले का सूद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिजली कंपनियों द्वारा सीएजी (कैग) ऑडिट का विरोध करने के लिए दायर याचिका को हाई कोर्ट द्वारा खारिज करने के निर्णय का दिल्ली सरकार में बिजली मंत्री आशीष सूद ने स्वागत किया है। सूद ने कहा कि बिजली कंपनियों द्वारा हाई कोर्ट में सीएजी ऑडिट का विरोध करने से आम आदमी पार्टी सरकार, अरविंद केजरीवाल और बिजली कंपनियों के बीच उनकी मिलीभगत की सच्चाई दिल्ली की जनता के सामने उजागर हो गई है।

उन्होंने दावा किया कि हमारी सरकार ने पूरे पॉलिटिकल विल और दृढ़ संकल्प के साथ हाई कोर्ट में दिल्ली की जनता के हितों का पक्ष रखा। इसी का परिणाम है कि हाई कोर्ट ने बिजली कंपनियों की आपत्तियों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें कड़ी फटकार लगाई और सीएजी ऑडिट का रास्ता साफ कर दिया है। सूद ने कहा कि अब सीएजी ऑडिट की सुनवाई उपराज्यपाल कर सकेंगे। तत्कालीन दिल्ली सरकार, अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और



बिजली कंपनियों के इस नेक्सस को उजागर करने तथा दिल्ली की जनता को बिना किसी अतिरिक्त बोझ के निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने दोहराया कि हम अपनी इस प्रतिबद्धता के लिए अंतिम क्षण तक लड़ते रहेंगे कि दिल्ली की जनता पर बिजली दरों में बढ़ोतरी के रूप में एक रुपये का भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया जाएगा।

## 'दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा'

### सीएम ने सैदुलाजाब भवन ढहने की घटना और अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को सौंपी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में सैदुलाजाब में भवन ढहने की दुखद घटना तथा मालवीय नगर के हौज रानी में हुए भीषण अग्निकांड में अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात कर उन्हें 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सौंपी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दोनों घटनाओं में मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे असहनीय दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। एक मां, एक बेटी और एक जनसेवक के रूप में वह इन परिवारों की पीड़ा और वेदना को गहराई से महसूस कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन हादसों में शामिल दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार उठा रही है ठोस कदम। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मई को सैदुलाजाब में हुई इमारत ढहने की घटना और 3 जून को हौज रानी में हुए अग्निकांड में जिन अमूल्य जिंदगियों को खोया गया, उनकी क्षति कभी पूरी नहीं की जा सकती। सैदुलाजाब की त्रासदी में हमने ऐसे होनहार युवाओं को खोया जिनकी आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने थे, जबकि हौज रानी अग्निकांड ने एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को हमसे छीन लिया। यह केवल प्रभावित परिवारों का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दुख है। इस अवसर पर मालवीय नगर से विधायक श्री सतीश उपाध्याय सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से कहा कि उनके पास ऐसा कोई शब्द नहीं है जो उनके दुख और दर्द को कम कर सके।



## 'आशूरा' जुलूस : दिल्ली पुलिस ने की अमन कमेटियों के साथ बैठक




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुहर्रम पर 'आशूरा' के जुलूस से पहले सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने और शांतिपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उत्तर पश्चिमी दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक बैठक आयोजित की। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिकारियों ने की। इस्लामी केलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के 10वें दिन को 'आशूरा' कहा जाता है और इस दिन देश के अलग अलग हिस्सों में इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला जाता है। 680वीं ई. में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और उनके करीबी साथियों को इराक के करबला में इसी तारीख को शहीद कर दिया गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, बैठक में जिले के विभिन्न हिस्सों से अमन कमेटियों के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया और मुहर्रम जुलूस के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जन सुरक्षा और समन्वय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों ने जुलूसों को सुचारू रूप से निकालने और इस दौरान उत्पन्न होने वाली स्थानीय चिंताओं को दूर करने के लिए सुझाव साझा किए। पुलिस अधिकारियों ने समुदाय के प्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों से इस अवधि के दौरान शांति, भाईचारा और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जनता को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए भीड़ प्रबंधन, यातायात नियमन और स्थानीय हितधारकों के साथ समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### निगम विद्यार्थियों ने नेहरू तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय का किया भ्रमण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की पहल पर निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल (प्लेनेटेरियम) एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की उपस्थिति में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री संग्रहालय और नेहरू तारामंडल की ज्ञानवर्धक यात्रा कराई गई, जिसके माध्यम से बच्चों ने देश के गौरवशाली इतिहास तथा विज्ञान के विविध आयामों को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर इस मौके पर सत्या शर्मा ने कहा कि बच्चों को विज्ञान, अंतरिक्ष एवं देश के गौरवशाली इतिहास को समझने का यह बेहतरीन अवसर है। सत्या शर्मा ने शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, संग्रहालय के निदेशक डॉ. वाई. रवि किरोन तथा सहयोगी संस्था की अध्यक्ष के विशेष योगदान सराहना की। सत्या शर्मा ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बच्चों एवं युवाओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को अनुभवात्मक एवं व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाना आवश्यक है।

## महापौर ने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 35 वाहनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महापौर प्रवेश वाही ने रोहिणी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सोमवार को 35 वाहनों को झंडी दिखाई। इस मौके पर महापौर ने कहा कि राजधानी को साफ एवं स्वच्छ बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है, दिल्ली की स्वच्छता के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिसमें हमारा मकसद प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करना है। इस अवसर पर वाही के अलावा रोहिणी क्षेत्र के चेयरमैन अमृत जैन, रोहिणी क्षेत्र के डिप्टी चेयरमैन नरेंद्र कुमार सिंह, रोहिणी क्षेत्र के उपायुक्त अंशुल सिरोही सहित दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। वाही ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छ एवं हरित दिल्ली का जो लक्ष्य रखा है उसकी पूर्ति के लिए निगम हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोहिणी क्षेत्र के स्वच्छता बेड़े में हाइवा ट्रक,जेसीबी मशीन,ट्रैक्टर ट्रॉली,डंपर इत्यादि वाहनों को शामिल किया है जिनकी मदद से क्षेत्र में कूड़ा उठाने के कार्य में तेजी आएगी। दिल्ली को साफ एवं स्वच्छ बनाने के मिशन में हमें जनता का सहयोग भी चाहिए। उन्होंने दिल्ली के नागरिकों से अनुरोध किया कि वो कूड़े को स्त्रोत पर ही पृथक करके कूड़े की गाड़ी में डालें।

### महीने के अंत तक मानसून आने की उम्मीद

# प्री मानसून बारिश ने दिल्ली से मोड़ा मुंह, अब तक 30 प्रतिशत के करीब ही बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में जून महीने में अब तक प्री मानसून ने एक तरह से मुंह मोड़ रखा है। मौसम की बेरुखी के चलते जून महीने में होने वाली औसत बारिश से अभी तक केवल 30 प्रतिशत के करीब ही बारिश दर्ज हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग बेस स्टेशन में जून महीने में आमतौर पर सामान्य बारिश 80.6 मिमी दर्ज होती है।

लेकिन इस बार अब तक जून महीने के आधे से अधिक समय होने के बावजूद दिल्ली में करीब 30 मिमी के आस पास ही बारिश दर्ज की गई है। यानी अभी भी आंकड़ा सामान्य बारिश से आधे से भी काफी कम है।



जबकि इस महीने के अंत तक मानसून आने की उम्मीद की जा रही है। आने वाले दिनों में बारिश होगी, लेकिन वह बिखरी हुई और थोड़े समय के लिए होगी, जिससे कुल बारिश में ज्यादा बढ़ोतरी की संभावना कम है। इस बारे में मौसम वैज्ञानिक एस के मणिशंकर का कहना है कि दिल्ली में इस बार जून महीने में अभी तक बारिश का आंकड़ा 40 प्रतिशत भी नहीं पहुंचा है। हालांकि 29 जून को दिल्ली में मानसून के आने की उम्मीद है। लेकिन 29 जून में भी अभी लगभग सात दिन शेष बचे है। वहीं दूसरी तरफ इन सात दिनों में बारिश की संभावना लगभग न के बराबर दिख रही है। मणिशंकर की माने तो जून महीने में इस बार मानसून के प्रवेश के बाद भी औसत बारिश 80.6 मिमी का आंकड़ा शायद ही प्राप्त हो पाए।

उन्होंने कहा कि अ आने वाले करीब 5-6 दिन बारिश की संभावना बेहद कमजोर लग रही है। बावजूद इसके कहीं कहीं बूंदाबांदी हुई भी तो उसका आंकड़ा दर्ज होने लायक होगा ऐसा लग नहीं रहा है। हां अगर मानसून समय से आया और अंतिम दो तीन दिन में झमाझम बारिश हुई तो 80.6 मिमी का आंकड़ा पूरा हो सकता है, जो संभव लग नहीं रहा।

## अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से मामूली कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के मुताबिक, शहर के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले दिन की तुलना में 0.5 डिग्री सेल्सियस कम है। दिल्ली के विभिन्न मौसम केंद्रों में 'रिज' क्षेत्र सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, हालांकि यह सामान्य से 1.5 डिग्री कम था। वहीं, आयानगर में अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लोधी रोड और पालम में क्रमशः 38.8 डिग्री सेल्सियस और 38.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इससे पहले दिन के दौरान, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में यह 24.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि लोधी रोड, रिज और आयानगर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 26.6 डिग्री सेल्सियस, 24.6 डिग्री सेल्सियस और 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक शहर के किसी भी प्रमुख मौसम केंद्र पर बारिश दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 25 और 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है और राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है।

### सीजेपी का धरना तीसरे दिन भी जारी

## समर्थकों की संख्या हुई कम नहीं मिला किसानों का साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


नीट पेपर में गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अड़ी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जंतर-मंतर पर जारी रहा। हालांकि तीसरे दिन सीजेपी संस्थापक अजीत दिपके के समर्थकों की संख्या बेहद कम रह गई है। जबकि दिपके ने रविवार को किसानों से अपील करते हुए कहा था कि वह धरने में शामिल होकर छात्रों के साथ खड़े हो। अपील के बावजूद दिपके के समर्थन में किसान कहीं नजर नहीं आए। वहीं धरने में आने वाले समर्थकों की पुख्ता पहचान के लिए पुलिस द्वारा आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि मांगने का दिपके ने विरोध किया है। आधार कार्ड मांगने पर दिपके ने कहा कि अब जंतर-मंतर जैसी जगह आने के लिए पासपोर्ट या वीजा की जरूरत पड़ेगी। दिपके ने आरोप लगाया है कि धरना स्थल पर आने वाले लोगों से आधार कार्ड और पैन कार्ड क्यों मांगे जा रहे हैं। जबकि हमारे समर्थन में आने वाले लोग केवल खाना पानी देने के लिए ही आ रहे हैं। हम पिछले तीन दिनों से शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं और कानून-व्यवस्था का पालन कर रहे हैं। हम व हमारे समर्थक पुलिस व प्रशासन के साथ पूरा सहयोग भी कर रहे हैं।

बावजूद इसके लोगों को बैरिकेड लगाकर रोकना, उनसे आधार आदि जैसे पहचान पत्र मांगना कहां तक उचित है। आधार मांगने के मुद्दे पर दिपके की पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी नौंक झौंक भी हुई। बता दें कि दिपके की अगुवाई में सीजेपी शनिवार से जंतर मंतर पर धरने पर बैठी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सीजेपी के धरने की समय सीमा शनिवार शाम को ही समाप्त हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलने वाले 4 आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने 21 जून को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना सूरजकुण्ड क्षेत्र के अंतर्गत जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार 21 जून को क्राईम ब्रांच सेक्टर.30 की टीम को गस्त पर मौजूद थी, इसी दौरान गुप्त सुत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि बड़खल झील के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं।



### चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने सेक्टर 62 स्थित एक मकान से बिजली की वायर चोरी करने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान दीपक व मोहित निवासी सदर बल्लभगढ़ के रुप में हुई है। पुलिस के अनुसार विनोद निवासी सेक्टर 3 वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि सेक्टर-62 में उसके एक मकान में वायरिंग का काम चल रहा था, जहां से 19 जून को किसी नामपता नामालूम व्यक्ति द्वारा वह वायरिंग चुरा ली गई, जिस शिकायत पर थाना आदर्श नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



### क्राईम ब्रांच सेंट्रल ने वाहन चोर को किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने थाना बीपीटीपी क्षेत्र के अंतर्गत वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए रमन निवासी सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़, फरीदाबाद को स्कूटी के साथ सेक्टर-76 फरीदाबाद एरिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि विहान निवासी सेक्टर-87 फरीदाबाद ने थाना बीपीटीपी में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह 18 मई 2026 को अपने दोस्त से मिलने गया था। जहा से उसकी स्कूटी किसी नामपता नामालुम व्यक्ति ने चोरी कर ली थी। जिस संबंध में थाना बीपीटीपी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



**योग के जरिए शरीर की शक्ति मन की स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन को आत्मनिर्भरता बनाएं**

# द योगा इंस्टीट्यूट ने देशभर में मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शैक्षणिक परिसरों, हवाई अड्डों एवं मंचों पर योग सत्र आयोजित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सांताक्रूज स्थित दुनिया के सबसे पुराने संगठित योग केंद्र द योगा इंस्टीट्यूट ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए। 107 वर्षों से समग्र स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान ने इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के तहत सरकारी संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों, कॉरपोरेट कार्यालयों, शैक्षणिक परिसरों, हवाई अड्डों और डिजिटल मंचों पर योग सत्र आयोजित किए।

मुंबई, चेन्नई, जयपुर और भुवनेश्वर सहित कई शहरों में हुए कार्यक्रमों के माध्यम से लाखों लोगों तक योग, मानसिक मजबूती, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश पहुंचाया गया। संस्थान की निदेशक डॉ. हंसाजी योगेंद्र ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन शारीरिक और मानसिक गिरावट अनिवार्य नहीं है। योग के जरिए शरीर की शक्ति, मन की स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आत्मनिर्भरता को बनाए रखा जा सकता है। 19 से 21 जून तक आयोजित तीन दिवसीय ऑनलाइन योग महोत्सव में देश-विदेश के प्रतिभागियों ने ध्यान, पोषण, तनाव प्रबंधन और साउंड हीलिंग से जुड़े सत्रों में भाग लिया। बांद्रा रिक्लेमेशन में आयोजित मेगा योग सत्र में हजारों लोग शामिल हुए। मरीन ड्राइव पर आयोजित 'योगा बाय द बे' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जितिन प्रसाद और जयंत चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। संस्थान ने सीआईएसएफ, भारतीय सेना, वायुसेना, मुंबई एयरपोर्ट, बीएमसी स्कूलों, कॉलेजों, ओएनजीसी, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और अन्य संस्थानों में भी विशेष योग कार्यक्रम किए। द योगा इंस्टीट्यूट अब तक 10 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बना चुका है।



**नागरिकों की बिजली और पानी की सप्लाई बंद करना अमानवीय कृत्य, तुरंत बहाली की मांग**

# नेहरू कालोनी की तोड़फोड़ के मामले में नोटिस भेजने के खिलाफ हजारों नागरिकों ने डीसी आफिस पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नेहरू कालोनी और अन्य कालोनियों पर बुल्डोजर चलाने, गैर कानूनी तोडफ़ोडक़े खिलाफ एवं इसके दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करवाने तथा तोड़े गए घरों का मुआवजा दिलवाने व विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए सोमवार को हजारों पीड़ित लोगों ने उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि नेहरू कालोनी बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 15 जून से नगर निगम कमिश्नर फरीदाबाद के कार्यालय के सामने धरना चल रहा है। इसी कड़ी में सभी कालोनियों में व्यापक अभियान चलाते हुए आज रोष प्रदर्शन की कार्यवाही की गई। रोष प्रदर्शन को प्रमुख रूप से सीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद तपन सेन, प्रदेश महासचिव जय भगवान, राज्य सचिव सुधा, जिला प्रधान निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र डंगवाल, जनवादी महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष सविता, महासचिव ऊषा सरोहा, कमेटी सदस्य सबिता मलिक, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव बलबीर बालगुहेर, संघर्ष समिति के नेता बिजेंद्र सिंह, पूनम, राजेंद्र, बलबीर, देवकी आदि ने संबोधित किया। प्रदर्शन से पूर्व पीड़ितों ने ओपन एयर थियेटर में सभा का आयोजन किया। जिसमें नेहरू कालोनी सहित अन्य करीब दस कालोनियों के हजारों लोगों ने भाग लिया और एक स्वर में नेहरू कालोनी में की गई तोडफ़ोड़ और अन्य कालोनियों में नोटिस जारी करने की प्रशासन की घोर निन्दा की। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डीसी की गैर मौजूदगी में एसडीएम को सौंपा गया। सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव में इतनी भीषण गर्मी में नेहरू कालोनी की बिजली व पानी की सप्लाई बंद करने के कृत्य की घोर निन्दा की और तुरंत बहाली की मांग की। फैसले के अनुसार मांगे पूरी होने पर नगर निगम मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा।



उक्त नेताओं ने रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा 70 साल से भी अधिक समय से बसी नेहरू कालोनी में सैंकड़ों घरों और धार्मिक उपासना स्थलों पर बुल्डोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। यह कार्यवाही 29 व 30 मई 2026 की रात को उस समय की गई, जब रात को लोग अपने घरों में सो रहे थे। जिन घरों पर बुल्डोजर चला उनके मालिकों को घर खाली करने के लिए पहले कोई नोटिस तक नहीं दिए गए। हजारों मकान मालिकों को मौखिक रूप से धमकी देकर घर खाली करने के अवैध आदेश दिए जा रहे हैं।

कालोनी में रहने वाले लोगों के राशन कार्ड हैं, आधार कार्ड हैं, बिजली के मीटर हैं, वोटर कार्ड हैं, फैमिली आईडी हैं। वर्षों से इन परिवारों की कई पीढिय़ां यहां रह रही हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू कालोनी में 29-30 मई 2026 की रात को विध्वंस की यह कार्यवाही आरंभ की गई। लेकिन इन सन्दर्भ में जगह खाली करवाने का नोटिस नगर निगम फरीदाबाद द्वारा 2 जून 2026 को जारी किया गया। उक्त नोटिस लिखा गया कि मैट्रो रेलवे इन्फ्रास्टक्चर डवल्पमैंट के लिए जगह खाली करवानी है। पत्र में बाकयदा स्पष्ट लिखा गया है कि इसके लिए पुलिया की और से 120 फीट से लेकर मस्जिद की ओर 160 फीट के ऐरिया को खाली करना है। इस क्षेत्र में जो भी आवासीय या अन्य परिसर आते हैं, उन्हें अगले एक सप्ताह में खाली कर दिया जाए। इस जगह का प्रयोग मैट्रो स्टेशन प्रोजेक्ट के लिए किया जाएगा। इसी नोटिस में यह भी स्पष्ट है कि उक्त कार्यवाही भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एंव पुनःस्थापन कानून.2013 के अनुसार की जाएगी। इससे प्रभावित होने वाले परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा व उन्हें अन्य स्थान पर बसाया जाएगा।

संगठन नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण करती है तो उसके लिए भी एक तय प्रक्रिया है। इसके लिए समय रहते नोटिस भेजे जाते हैंए मुआवजे की राशि तय होती है तथा तमाम स्टेक होल्डर्स के साथ वार्ता करते हुए एक सहमति तक पंहुचा जाता है। आवासीय बस्तियां या कालोनियां आती हैं तो वहां मकान मालिकों को मुआवजा मिलता है व उनके परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। इसके बाद ही तोडफोड की कार्यवाही आगे बढ़ती है। लेकिन फरीदाबाद में नेहरू कालोनी पर जो बुल्डोजर चलाकर मकानों व धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जा रहा है वहां इस प्रकार के कानूनी नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। आखिरकार ऐसा क्यों किया जा रहा है, यही नहीं इसी प्रकार से दर्जनों अन्य कालोनियों में भी इसी प्रकार की धमकियां लोगों को दी जा रही है व उन्हें घर खाली करवाने का डर बैठाया जा रहा है।

**अगली सुनवाई 7 जुलाई को होगी**

## नेहरू कॉलोनी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, फिलहाल रुकी तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नेहरू कॉलोनी के लोगों को सोमवार को बड़ी राहत मिली, जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने क्षेत्र में चल रही ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की अगली सुनवाई तक किसी भी प्रकार की तोडफ़ोड़ नहीं की जाएगी। नेहरू कॉलोनी के 6 निवासियों ने अदालत में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि नगर निगम ने बिना पर्याप्त सूचना और वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए घरों को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 30 मई से शुरू हुई इस कार्रवाई में धार्मिक स्थलों सहित सैकड़ों मकानों को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे अनेक परिवार बेघर हो गए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2)(ii) Cr.Pc. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र राम कुमार** निवासीः म.नं. 28/75, कस्तुरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 393/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना : विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** नही मिल रहा है और **समाधानप्रद** रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा हुआ है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 393/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना : विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मोहित शर्मा
एलडी. सीजेएम–1, तृतीय तल,
शाहदरा जिला, कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8356/SHD/2026
(court notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास कुमार पुरी, पुत्रः केदार पुरी, निवासीः मकान नंबर बी–1255, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No.: 21272/2021, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विकास कुमार पुरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास कुमार पुरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **विकास कुमार पुरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
जेएमएफसी–II, कमरा नंबर 31,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8203/WD/2026

### लेन उल्लंघन और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई, 160 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस की जनरल परेड के दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। परेड में यातायात पुलिस के लगभग 160 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। डीसीपी ट्रैफिक ने परेड का निरीक्षण करते हुए कहा कि गुरुग्राम की सड़कों पर लेन ड्राइविंग नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 44, फरीदाबाद में होली चौक के निकट सोताई में टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत और रखरखाव हेतु कच्चा लागत आकलन + 5 कार्य। | 18.06.2026 25.06.2026 | 2,54,64,996/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf5@gmall.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | गांव सोताई, फरीदाबाद में 3 एकड़ नगर निगम भूमि पर आरएमसी एम-40 प्लेटफार्म का प्रावधान व बिछाना + 1 कार्य। | 20.06.2026 27.06.2026 | 3,86,92,272/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 memandeep186@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46417/I/88/7 दि. 22.06.26

**पुराने वाहनों पर शिकंजा, 6 दिन में 73 वाहन जब्त**

## 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस का विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद यातायात पुलिस ने पुराने एवं प्रतिबंधित वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत पिछले छह दिनों में 73 ऐसे वाहनों को जब्त किया गया है, जो निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके थे और सडक़ों पर दौड़ रहे थे। यातायात पुलिस द्वारा 16 जून से शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत 10 वर्ष पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। ऐसे वाहन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, बल्कि सडक़ सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा पैदा करते हैं। पुलिस के अनुसारए 16 जून से चलाए जा रहे अभियान के दौरान पिछले 6 दिनों में 73 वाहनों को जब्त किया गया। वर्ष 2026 के दौरान भी यातायात पुलिस लगातार इस दिशा में कार्रवाई कर रही है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी माह में 5, फरवरी में 2, मार्च में 12, अप्रैल में 14, मई में 102 तथा 21 जून तक 119 वाहनों को जब्त किया जा चुका है। इस प्रकार वर्ष 2026 में अब तक कुल 254 पुराने और प्रतिबंधित वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पुराने वाहन अधिक धुआं छोड़ते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। साथ ही तकनीकी रूप से समय सीमा समाप्ति वाले ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।



**सीएम योगी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया**

## जिलाधिकारी के नेतृत्व में चला अभियानः अवैध कब्जे से मुक्त कराई 260 करोड़ की 250 बीघा सरकारी भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकारी भूमि को भूमाफियाओं एवं अवैध कब्जाधारकों से मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार को बड़ी करवाई की गई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के नेतृत्व में चले अभियान में अवैध कब्जे से 260 करोड़ की 250 बीघा सरकारी भूमि मुक्त कराई। ग्राम डासना, परगना डासना स्थित सरकारी भूमि पर प्रशासन ने कब्जा प्राप्त कर लिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम डासना स्थित खसरा संख्या कुल-33, कुल रकबा लगभग 20.0000 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में 1359 फसली में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। भूमि के संबंध में उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा 145 के अंतर्गत वाद विचाराधीन है।प्रशासन ने आज राजस्व विभाग, पुलिस बल एवं अन्य संबंधित विभागों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा विधिक प्रक्रिया के अनुरूप भूमि पर प्रशासनिक कब्जा प्राप्त किया गया। भूमि पर स्पष्ट रूप से सूचना पट्ट (बोर्ड) स्थापित किए गए हैं, जिनमें अंकित किया गया है कि उक्त सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य, अवैध कब्जा अथवा क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है।

कार्रवाई के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अरूण दीक्षित द्वारा पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में मौके पर सार्वजनिक मुनादी कराकर लोगों को अवगत कराया गया कि उक्त भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज सरकारी संपत्ति है तथा इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, निर्माण अथवा खरीद-फरोख्त दंडनीय होगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 0.000 से 0.900 तक पट्टान से मुकलान रावलवास रोड तक बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4960) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2026 | 90.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 13.450 से 14.250 तक हिसार खानक रोड (एमडीआर-108) से बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4756)। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 109.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल)। | 17.06.2026 24.06.2026 | 17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0166-2225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प नरवाना | गांव खेड़ी मसानिया जिला जीन्द में अग्नि एवं आपदा प्रभावित संस्थान के परिसर के चारों ओर बार्ब्ड वायर की स्थापना और आरसीसी पोल सहित चारदिवारी का निर्माण। | 19.06.2026 25.06.2026 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | डीसी कार्यालय फतेहाबाद के अधिकार-क्षेत्र के तहत 11 नावों की मरम्मत। | 19.06.2026 26.06.2026 | 7.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | कि.मी. 0.000 से 2.840 तक धनासारी माइनर की आंतरिक सफाई + 3 कार्य। | 19.06.2026 25.06.2026 | 3.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 44358 (टेल) तक आसन माइनर की खरपतवार निकालना और किनारे की सफाई + 24 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2026 | 27.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | बैजलपुर - गांव बैजलपुर ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में मेन चौक से ओमप्रकाश पुत्र अमी लाल के मकान तक गली का निर्माण (10141 11/03/2026 वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | 19.06.2026 25.06.2026 | 6.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्ताली ब्लॉक निसिंग जिला करनाल में सैन समाज चौपाल को पूरा करना, स्कीम वीएएनजीवाई + 5 कार्य। | 17.06.2026 25.06.2026 | 29.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव मैनमाटी ब्लॉक कुंजपुरा बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 6 कार्य। | 18.06.2026 27.06.2026 | 92.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | पंचकूला जिला के 10 गांवों में गांव भगवानपुर, बुंगा, तापरियां, श्यामतू, खैरवाली परवाला, हंगोला, ककराली, खेड़ी, नटवाल, रेहणा में 261 अदद स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान। | 19.06.2026 25.06.2026 | 11.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | खोखरा : खेड़ा मंदिर से राष्ट्रीय राजमार्ग तक आर.सी.सी. पाइप का प्रावधान व बिछाना, जी.पी. खोखरा ब्लॉक पिंजौर, पंचकूला स्कीम-वीएएनजीवाई। | 18.06.2026 24.06.2026 | 3.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मण्डी डबवाली : 3 अदद हाइड्रोलिक प्रचालित मैनहोल डी-सिल्टिंग ग्रैब बकेट टाइप मशीनों का प्रावधान व आपूर्ति और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण और नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान। | 19.06.2026 09.07.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- सब डिवीजनल कैम्पस, कालांवाली टाउन जिला सिरसा में स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, सीएच.हैड :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन अनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु आकलन। | 19.06.2026 26.06.2026 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 15 | मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | स्कूल यूनिफॉर्म विंटर। | 19.06.2026 10.07.2026 | 24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 16 | वन विभाग सिरसा | सिरसा रेंज में प्लांटेशन रखरखाव कार्य + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2026 | 162.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/320/46442/I/88/7 दि. 22.06.26

## खबर संक्षेप

### इंडिया' गठबंधन के विवाद में भाजपा सांसद कूदे

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर 'इंडिया' गठबंधन के बीच चल रहे राजनीतिक विवाद में



गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे भी कूद पड़े हैं। दुबे ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी कि अगर हिम्मत है तो वह सत्ताधारी गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले ले। दुबे ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस का नेतृत्व राजनीतिक सिद्धांतों के बजाय पैसों के लालच से प्रेरित है।

### भरत एनकाउंटर, डीआईजी करेंगे जांच

**पटना।** भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बिहार पुलिस मुख्यालय ने पहली बार स्पष्ट



रूप से स्वीकार किया है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस से गंभीर चूक हुई थी। एडीजी सुधांशु कुमार ने कहा कि 16 जून को पुलिस टीम जब आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी, तब उसे उचित तरीके से हैंडल नहीं किया गया। प्रकरण की निगरानी व पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी डीआईजी को सौंपी गई है।

### सीतापुर में सपा कार्यालय पर चला बुलडोजर

**सीतापुर।** जिले में नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से बनाए गए समाजवादी पार्टी के दफ्तर



पर सोमवार की सुबह-सुबह बुलडोज़र गरजा। कोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन की टीम ने इस दफ्तर को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। इस दौरान मौके सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, ईओ प्रभारी, कई थानों की फोर्स तैनात रही। सपा ने इस कार्यालय को दो दिन पहले ही खाली कर दिया था।

---

### लखनऊ की कोचिंग में हुआ अग्निकांड

# सीएम बोले जिंदगी तो नहीं लौटा सकते, पर विश्वास दिलाते हैं कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

▸▸ सीएम योगी ने राहत कार्यों का जायजा लिया, घायलों से मुलाकात की

▸▸ मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख और घायलों को 50-50 हजार की सहायता का ऐलान किया

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

लखनऊ कोचिंग में हुए अग्निकांड के बाद सीएम योगी ने घटनास्थल के साथ अस्पताल का भी दौरा किया। यहां उन्होंने परिजनों से बात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगंज में आग लगने से कई छात्र-छात्राओं की मौत के मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अलीगढ़ का दौरा बीच में रद्द कर राजधानी वापस आए सीएम सीधे घटनास्थल पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से हादसे की जानकारी लेने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी घोषित की।

सीएम घटनास्थल से सीधे किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचे और घायलों से भी आग लगने के कारणों और घटना के बारे में पूछा। उन्होंने घायलों के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं केजीएमयू प्रशासन को उनके समुचित इलाज का निर्देश दिया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने सीएम योगी को घायलों के इलाज के बारे में



जानकारी दी। केजीएमयू में मृतकों के परिजनों से कहा कि हम किसी की जिंदगी तो नहीं लौटा सकते, लेकिन विश्वास दिलाते हैं कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। सरकार परिजनों के साथ है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, विधायक नीरज बोरा, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्णा, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा) अमित कुमार घोष, डीजी (फायर सर्विस) सुजीत पांडेय, राजधानी के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व डीएम विशाख जी आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड के बाद 23 जून के अपने सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। उन्हें मंगलवार को हाथरस में 548 करोड़ की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करना था। इसके बाद आगरा में उन्हें विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेनी थी। गौरतलब है कि जिस समय यह अग्निकांड हुआ, सीएम योगी अलीगढ़ में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

#### जलकर हुई 15 की मौत

अलीगंज स्थित एक बिल्डिंग में आग लगने से कोचिंग पढ़ने व एनीमेशन कोर्स करने वाले 15 छात्रों की जलकर मौत हो गई। कई छात्र गंभीर रूप से झुलस गए। जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदे नौ छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा छोड़कर वापस आए और घटनास्थल का मुआयना किया। रक्षामंत्री एवं राजधानी के सांसद राजनाथ सिंह भी लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं।

#### एसी का कंप्रेसर फटने से लगी आग

शॉर्ट सर्किट और एसी का कंप्रेसर फटने के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अलीगढ़ के पुरनिया स्थित बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर पेट शॉप की दुकान है। पहली मंजिल पर पेट शॉप मालिक का वेयरहाउस है। दूसरी मंजिल पर थ्री-डी एनीमेशन ट्रेनिंग सेंटर और गेमिंग जोन के साथ 12वीं तक के विद्यार्थियों की कोचिंग चलती थी। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब ढाई बजे वेयरहाउस में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। बिल्डिंग में मौजूद कई लोग विकराल हुई आग के बीच घिर गए। दूसरी व तीसरी मंजिल पर मौजूद छात्र भीतर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम के साथ एसडीआरएफ ने बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। करीब दो घंटे चले रेस्क्यू के दौरान 15 शव बाहर निकाले गए।

#### घायलों को भर्ती कराया

वहीं कई झुलसे छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर है। हादसे के वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री सभा छोड़ तुरंत वापस आए।

---

### लालू-राबड़ी पर सीएम का बड़ा हमला

# इतिहास निकाल रहा, सारा हिसाब होगा, सुरक्षा में अब भी 150 पुलिस

**एजेंसी ▸▸ पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अति पिछड़ा महासम्मेलन के मंच से पूर्व सीएम लालू यादव और रबड़ी देवी पर बड़ा हमला किया है। कहा है कि उनकी सुरक्षा में डेढ़ सौ पुलिस कर्मी आज भी तैनात हैं फिर भी सुरक्षा में कटौती की बात करते हैं।



कहा कि पटना से लेकर गोपालगंज और दिल्ली तक उनके कितने मकान हैं इसकी गिनती नहीं है। फिर भी परिवार के सभी लोगों को अलग-अलग बंगला चाहिए। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सोमवार को भाजपा की ओर से अतिपिछड़ा समाज के सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्यों का अभिनंदन किया गया।

सम्मेलन में सीएम सम्राट चौधरी ने विपक्ष खासकर लालू परिवार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों इनके बंगले और सुरक्षा का मामला चर्चा में है। सबको पता होना चाहिए कि आज भी करीब डेढ़ सौ पुलिस कर्मी उनके आवास के बाहर तैनात हैं। अब पूरे बिहार की पुलिस इनकी सुरक्षा में तैनात कर दें तो अति पिछड़ा समाज की सुरक्षा कौन करेगा। उनको बुलेटप्रूफ गाड़ी और जरूरत के मुताबिक पुलिस बल तैनात है।

#### माताजी, बेटा, बेटी सब को सेपरेट बंगला चाहिए

सीएम ने कहा कि लालू परिवार सरकारी बंगला छोड़ने को तैयार नहीं है। अब माताजी, बेटा, बेटी सब को सेपरेट बंगला चाहिए। इनके पास अपना कितना मकान है इसकी गिनती नहीं है। माता और पुत्रों को सरकारी बंगला मिला है। इनका महुआबाग में बड़ा सा मकान है। कौटिल्य नगर में पांच बंगलों को मिलाकर एक मकान है। राजाबाजार में एक अलग घर। गोपालगंज और दिल्ली में कब्जा कर लिए हैं। अब और कितना बंगला चाहिए। सीएम ने राजद प्रमुख के शासन काल का इतिहास निकाला जा रहा है। सबका पूरा हिसाब किया जाएगा।

#### बिहार को अपराध मुक्त बनाना हमारा पहला लक्ष्य

सीएम ने कहा कि बिहार को अपराध मुक्त बनाना हमारा पहला लक्ष्य है। अपराध के मसले पर कोई समझौता नहीं होगा। जब तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर हूं त अति पिछड़ों का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता। जरूरत होगी तो हम इस समाज के लिए खून भी देंगे। अपराध के खिलाफ हमारा ऑपरेशन जारी है।

---

### रात्रि जन चौपाल में मंत्री शर्मा का निर्देश

# हर जरूरतमंद तक पहुंचे सरकार की सारी योजनाएं



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जौनपुर**

यूपी के नगर विकास, ऊर्जा एवं जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के क्रम में विकास खंड रामपुर की ग्राम पंचायत पट्टीकीरत राय एवं अटल आवासीय परिसर में कल देर रात्रि जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुड़े और ग्रामीणों तथा अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पात्र परिवारों के पास आवास नहीं है, उन्हें आवास योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

---

### अब त्योहारों व मांगलिक कार्यक्रमों में उपहार में फिरोजाबाद के ग्लास की मूर्तियां

# पीएम जब किसी राष्ट्राध्यक्ष को ओडीओपी उपहार देते हैं तो गौरवान्वित होता है यूपी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिरोजाबाद**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। समाज को बांटना, सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करना, गुंडागर्दी-माफियागिरी को प्रोत्साहित करना, गरीब कल्याण के कार्य न होने देना, विकास योजनाओं में रोड़े अटकाना और त्योहारों के पहले उत्सव को उपद्रव में बदल देना ही उसका काम रहा है। जनता के आशीर्वाद से डबल इंजन सरकार विकास



व विरासत की यात्रा को बढ़ा रही है। यूपी अच्छी कानून व्यवस्था तथा विकास परियोजनाओं से पहचाना जा रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को कांच नगरी में 658 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के बाद संबोधित कर रहे थे। इनमें टुंडला की 452 करोड़ और शिकोहाबाद की 206 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा नीम करोली की जन्मस्थली पर नागरिकों को विकास परियोजनाओं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके पीछे विधायकों की मेहनत है। शिकोहाबाद के विधायक भी हमारी तरह काम करते तो यह संख्या बढ़ सकती थी।

#### सपा शासन में सीना तानकर उपद्रव करता था माफिया

सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार 'एक जिला-एक उत्पाद', 'एक जिला-एक कुजीन', 'एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज' दे रही है, जबकि सपा 'एक जिला-एक माफिया' देती थी। हर जिले का चिह्नित माफिया जमीन पर कब्जा, गुर्गों के जरिए व्यापारियों से वसूली कर अराजकता पैदा करता था। प्रदेश को तबाह करने वाले माफिया सीना तानकर उपद्रव करते थे, लेकिन अब यूपी माफिया, गुंडा, उपद्रव मुक्त है। नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में है सब चंगा।

#### लोकल से ग्लोबल बन रही फिरोजाबाद की विकास यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार द्वारा किए जा रहे विकास का श्रेय जनता-जनार्दन को है। क्योंकि जब आप ईवीएम का सही बटन दबाकर अच्छे जनप्रतिनिधि चुनते हैं और वे कमल का फूल लेकर लखनऊ पहुंचते हैं तो विकास आता है। इससे फिरोजाबाद की यात्रा लोकल से ग्लोबल बनती है। यहां का ग्लास उद्योग नवाचार का नया केंद्र बना है।

---

## पेज एक का शेष

### लखनऊ के अलीगंज...

कारणों की जांच शुरू कर दी है, जबकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

**14 दमकल गाड़ियों ने घंटों बाद पाया आग पर काबू** : आग ने पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता को देखते हुए 14 दमकल गाड़ियों को लगाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। एक युवक ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रपति ने चीता...

सेन, कमिश्नर सुरेश कुमार, आईजी सचिन अतुलकर, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीसीएफ उत्तम कुमार, डीएफओ आर थिरूकुराल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। वर्तमान में देश में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में तथा 3 चीते मंदसौर स्थित गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद हैं। भारत में जन्मे चीतो की संख्या 32 है, चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति चीता मित्रों से संवाद के उपरांत हेलिकॉप्टर से ग्वालियर के लिए रवाना हुई। हेलीपेड पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मीनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। राष्ट्रपति ग्वालियर से होते हुए वायु सेना के विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंची।

### दो की मौके....

डिवाइडर के बीच जा फंसी। घायल अंगद का अस्पताल में इलाज जारी है।

### सीबीआई ने पूर्व...

रहे। सीबीआई का आरोप है कि उन्होंने भी कंपनी की ऋण नीति, राष्ट्रीय आवास बैंक और आरबीआई के दिशा-निर्देशों तथा बैंकों से उधार लेने की शर्तों के विपरीत कई कंपनियों को ऋण मंजूर किए। जांच में यह भी सामने आया है कि आरसीएफएल और आरएचएफएल द्वारा उधार ली गई राशि को कथित तौर पर रिलायंस एडीए समूह की अन्य कंपनियों, जिनमें , और शामिल हैं, की ओर मोड़ दिया गया। सीबीआई का आरोप है कि इससे ऋणदाता बैंकों को भारी नुकसान हुआ और संबंधित कंपनियों एवं व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचा। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि उसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी से प्राप्त शिकायतों के आधार पर , आरएचएफएल, आरसीएफएल और के खिलाफ कुल सात एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों की जांच जारी है और इसकी निगरानी देश का सर्वोच्च न्यायालय कर रहा है। एजेंसी ने यह भी बताया कि 29 मई 2026 को आरकॉम मामले में पहली चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसमें कंपनी सहित 16 आरोपियों को नामजद किया गया था। इनमें आरकॉम के पांच वरिष्ठ अधिकारी और 10 बैंक अधिकारी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में अब तक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें देवांग मोदी और रविंद्र सुधालकर भी शामिल हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

### ग्रामीण मजदूरी और...

प्रतिशत से बढ़कर 17-18 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं औसत दैनिक मजदूरी में एक ही महीने के दौरान 12.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने दावा किया कि यह वृद्धि वास्तविक आर्थिक सुधार का परिणाम नहीं, बल्कि आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया में किए गए बदलाव का प्रभाव है।

**सैंपलिंग फ्रेमवर्क बदलने का आरोपः** कांग्रेस नेता ने कहा कि श्रम ब्यूरो ने बिना किसी सार्वजनिक घोषणा, प्रेस विज्ञप्ति या वेबसाइट पर सूचना जारी किए नया सैंपलिंग फ्रेमवर्क लागू कर दिया। इसके तहत पूर्वोत्तर राज्यों, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और गोवा के श्रमिकों को नए नमूने में शामिल किया गया। उनके अनुसार, ये नए क्षेत्र देश के कुल कार्यबल का केवल लगभग 1.2 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन संशोधित सर्वेक्षण नमूने में उनकी हिस्सेदारी करीब 11 प्रतिशत कर दी गई है। जयराम रमेश का कहना है कि इन क्षेत्रों में कृषि आधारित रोजगार अपेक्षाकृत कम है और अधिक कुशल श्रमिकों की संख्या ज्यादा है। यही कारण है कि इन क्षेत्रों की औसत मजदूरी पुराने नमूने की तुलना में लगभग 50 से 55 प्रतिशत अधिक है। ऐसे में इन क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर नमूने में शामिल करने से राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरी वृद्धि के आंकड़े स्वतः ऊंचे दिखाई देने लगे।

**वास्तविक वृद्धि केवल 4.3 प्रतिशत होने का दावाः** कांग्रेस नेता ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के स्वतंत्र विश्लेषण से पता चलता है कि यदि पुराने सैंपलिंग ढांचे के आधार पर गणना की जाए तो वास्तविक ग्रामीण मजदूरी वृद्धि दर केवल 4.3 प्रतिशत वार्षिक रहती, जो पिछले चार वर्षों में सबसे कमजोर वृद्धि मानी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वास्तविक आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने के बजाय आंकड़ों की प्रस्तुति बदलकर बेहतर तस्वीर दिखाने की कोशिश कर रही है।

### दो दशक से फरार...

करतार सिंह को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से दबोचा गया। दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले लगभग 20 वर्षों से फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे। लंबे समय से फरार चल रहे इन आरोपियों की गिरफ्तारी को सीबीआई की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

### एनएसए डोभाल ने...

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। यहां बता दें कि भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जिसके तहत एनएसए की इस बैठक का भी आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता भारत के एनएसए करेंगे।

**शांति समझौते के बाद हुई पहली यात्रा** : क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध के बाद हुए शांति समझौते के बाद ईरान की एसएनएससी के उप-सचिव की यह पहली विदेश यात्रा है। जिसके तहत वह भारत पहुंचे हैं। एनएसए अजीत डोभाल के साथ हुई बातचीत में उन्होंने पश्चिम-एशिया क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा की। इसके अलावा ब्रिक्स के मंच पर दोनों देशों के बीच बने हुए सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों के मामले पर भी विचार-विमर्श किया है। 23 जून को ब्रिक्स समूह के एनएसए की बैठक में क्षेत्र में बने हुए सुरक्षा परिदृश्य के बारे में व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी। इस बाबत वार्ताओं का सिलसिला हालांकि 22 जून से ही शुरू हो गया है। एनएसए बैठक में ईरान के अलावा चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु व समूह के अन्य वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी शिरकत करेंगे।

**वांग यी संग हुई वार्ता रचनात्मक, दूरदर्शी रही** : एनएसए डोभाल की चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में भारत, चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हुई हालिया प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही धीरे-धीरे सामान्यीकरण की दिशा में जारी प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। एनएसए डोभाल ने चीनी पक्ष के सामने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच स्थिर, अनुमानित और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध आपसी विश्वास निर्माण और बेहतर समझ को बढ़ावा देते हैं। इस बैठक में भारत से एनएसए डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री, चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी और विदेश मंत्रालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जबकि चीन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री वांग यी ने किया।

**इन देशों के प्रतिनिधियों से भी मिले डोभाल** : रणधीर ने बताया कि ईरान के अलावा भारत के एनएसए की कुछ अन्य देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ भी मुलाकात हुई। जिसमें ब्राजील के बहुपक्षीय और राजनीतिक मामलों के सचिव कार्लोस कोजेंडे और इथोपिया के राष्ट्रीय खुफिया-सुरक्षा सेवा के अंतर्गत विश्लेषण विभाग के कार्यकारी निदेशक मिलियन लेमा तादेसे शामिल हैं। ब्राजील के सुरक्षा अधिकारी से हुई मुलाकात में दोनों पक्षों ने समूह ढांचे के तहत दोनों देशों के बीच स्थापित सहयोग का स्वागत किया तथा भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है। इथोपिया के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी के साथ हुई चर्चा में दोनों पक्षों ने भारत-इथोपिया रणनीतिक साझेदारी को गहराई के साथ और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए उपायों की तलाश की गई है।

### मई में हुई ब्रिक्स विदेश ...

सहमति के एक तंत्र के तहत कार्य करता है। जिसे देखते हुए भारत ने बैठक के बाद अध्यक्षीय भाषण और एक परिणाम दस्तावेज जारी किया था। जिसमें दो पैराग्राफ में यह स्पष्ट किया गया था कि बैठक में समूह के बीच आम राय नहीं बन पाई।

---

### परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने

# सड़क हादसे रोकने शहरों व ग्रामीण इलाकों में स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी



**टी एन मिश्र ▸▸ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। सड़क हादसों को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हाईवे और एक्सप्रेसवे की तरह ही शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी वैज्ञानिक आधार पर गति सीमा निर्धारित करना है।

#### ड्राफ्ट में संशोधन के बाद अंतिम दी जाएगी अंतिम मंजूरी

हाल में उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में स्टेट रोड सेफ्टी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी के ड्राफ्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। नीति का उद्देश्य वैज्ञानिक और एविडेंस-बेस्ड अप्रोच के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित गति सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करना है।

#### सड़कों, बाजारों के आसपास तय की जाएगी गति सीमा

इसके तहत केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों की व्यस्त सड़कों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के लिए भी उपयुक्त गति सीमा तय की जाएगी।

---

### शेषावतार मंदिर में जुटेंगे 3000 से अधिक

# राम मंदिर परिसर में आज होगा भव्य ध्वजारोहण, डिप्टी सीएम रहेंगे मौजूद



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर परिसर स्थित शेषावतार मंदिर में मंगलवार को भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं और आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित देश के कई हिस्सों से करीब तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं, संतों, धर्माचार्यों और विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। बड़ी संख्या में लोगों के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, वहीं यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है।

---

### योगी सरकार की पहल बनी बच्चों के जीवन का आधार

# जरूरतमंद बच्चों को मिल रहा सहारा, 1,03,611 लाभान्वित

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) उन बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है, जिन्होंने अपने माता-पिता अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है। इसके साथ ही बालश्रम, भिक्षावृत्ति एवं वेश्यावृत्ति जैसी परिस्थितियों से मुक्त कराकर पुनर्वासित बच्चों को भी इस योजना के माध्यम से पारिवारिक वातावरण में बेहतर जीवन उपलब्ध कराया जा रहा है।

HONDA

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed to the General Public that Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd. ("HMSI/Company") has terminated all its relationship with **M/s Om Sons Projects Private Limited (Uday Honda)** having showroom at **81, Adhchini, Sri Aurbindo Marg, New Delhi - 110017** with effect from the close of business hours of **23rd June, 2026.** The company has terminated all its relationship and recalled all rights including and not limited to use of company's name, logo/trademark, on all documents, letter heads bearing name of the company. In case M/s Om Sons Projects Private Limited (Uday Honda) is found selling or serving HMSI products in the name and style which is indicative of any authorization from HMSI, it shall be subject to prosecution for trade mark infringement and passing off. Public at large is hereby advised not to deal with the subject dealership and in case of any clarification please contact the nearest authorized dealership of HMSI or contact Customer care No. 18001033434.

Any person dealing with M/s Om Sons Projects Private Limited (Uday Honda) shall deal at his/her own risk and consequence. HMSI and/or officials shall own no responsibility for such arrangements or dealings with M/s Om Sons Projects Private Limited (Uday Honda).

For Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd.

Sd/-

(Authorized Signatory)

Place : Gurugram

हरिभूमि

# सहेली



प्रेम को कभी परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्रेम का तो बस अहसास किया जा सकता है। पति-पत्नी के लिए प्रेम के बहुत अलग और गहरे मायने होते हैं, सिर्फ अपने साथी के लिए जीना, जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे का सहारा बनना। पति-पत्नी का प्रेम कभी एकतरफा बोझ नहीं डालता है। प्रेम में 'मैं' नहीं केवल 'हम' होता है। इस तरह के प्रेम में दंपती एकसार होकर अपना जीवन मधुरता और खुशियों से भर लेते हैं।

## प्रेम न बाड़ी उपजै प्रेम न हाट बिकाय

कवर स्टोरी

डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

अगर आपसे यह प्रश्न पूछा जाए कि इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली क्या है, तो यह प्रश्न शायद आपको थोड़ा उलझा दे! लेकिन देखा जाए तो इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली है- प्रेम। आप सोच सकते हैं- प्रेम, जो केवल ढाई अक्षर का है, वह भला कैसे उलझा सकता है? जरा एक पल को रुकिए और सोचिए क्या वाकई प्रेम को समझना इतना आसान है? अगर इस पहेली को सुलझाना इतना सहज-सरल होता, तो निश्चित ही हर प्रेम विवाह सफल होता। अपने आस-पास ही देख लीजिए, हजारों युवा बड़े-बड़े वादों के साथ, कभी माता-पिता की सहमति से तो कभी उनके विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं, पर फिर वही प्रेम धीरे-धीरे बिखरने लगता है, और इसके साथ ही बिखरने लगते हैं वादे-कसमें। आखिर प्रेम क्यों बिखरने लगता है? यह प्रश्न हमें उसी पहेली तक वापस ले जाता है, जिसकी बात हमने शुरुआत में की थी।

### प्रेम क्या है

सवाल यह है, जिसे हम प्रेम समझते हैं, क्या वह सच में प्रेम है? कई बार वह केवल आकर्षण होता है, जिसे हम प्रेम का नाम दे देते हैं। यहीं से उलझन शुरू होती है। किसी भी रिश्ते में बंधना जितना सहज है, उतना ही मुश्किल है उसे निभाना, विशेषकर जब रिश्ता पति और पत्नी का हो। यह रिश्ता दुनिया में सबसे अलग और सबसे अनूठा होता है, क्योंकि इसे आपने स्वयं चुना होता है। अगर आपका जीवन साथी आपके माता-पिता का चुनाव भी हो तो भी पति-पत्नी के संबंध का सर्वोच्च आधार सिर्फ और सिर्फ प्रेम होता है। वह 'प्रेम' जो ना तो शर्तों पर टिका होता है और ना ही अपेक्षाओं का एकतरफा बोझ डालता है। वह तो निरंतर निर्झर बहने वाली नदी के समान है, जो कभी थमती नहीं। प्रेम देह से ऊपर है, बुद्धि से ऊपर है, दिखावे और प्रसिद्धि से भी बहुत ऊपर है। उसका संबंध केवल हृदय से होता है। हमारे उस छोटे से दिल में, जो भले ही मुट्ठी भर का है, पर अपने भीतर पूरी दुनिया को समेट लेने की क्षमता रखता है। विश्वास कीजिए, प्रेम को किसी परिभाषा में बांधा नहीं जा सकता, इसका कोई तय नियम नहीं होता। प्रेम समर्पण है, अपनापन है और सबसे बढ़कर प्रेम 'मैं' नहीं, 'हम' होता है।



### समझिए प्रेम के सही मायने

आप क्या वाकई जानना चाहती हैं कि 'प्रेम' क्या है? तो एक छोटी-सी घटना सुनिए। कुछ दिन पहले अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का एक साक्षात्कार देखा, जिसमें वह अपने पिता बोनी कपूर के साथ बैठी थीं। बोनी ने जाह्नवी को बताया कि उनकी मां (अभिनेत्री श्रीदेवी) चाहती थीं कि वह अपना वजन कम करें, इसलिए वह उन्हें टहलने के लिए प्रेरित करती थीं। श्रीदेवी की जिद पर एक दिन वह उनके साथ टहलने जाने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने जूते तो पहन लिए, पर झुककर फीते बांधना उनके लिए सहज नहीं था। बिना कुछ कहे ही श्रीदेवी ने उनकी इस परेशानी को समझ लिया और उनके जूतों के फीते बांध दिए। बोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अरे, यह तो ढीला है।' जब श्रीदेवी ने दोबारा बांधा, तो उन्होंने फिर कहा, 'यह तो बहुत टाइट हो गया।' यह सिलसिला यूं ही कुछ देर चलता रहा, लेकिन इस पूरे समय श्रीदेवी बिना किसी अधीरता के, मुस्कुराते हुए, हर बार उनके जूतों के फीते ठीक करती रहीं।



इस घटना को पढ़कर आप चौंक गए न! स्वाभाविक भी है, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी के लिए, विशेष कर लड़कियों के लिए तो ऐसा कुछ करना उनके आत्मसम्मान के खिलाफ होगा या इससे भी बढ़कर वह इसे पति की गुलामी का नाम देंगी। एक उदाहरण और, बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाली अनुराधा को एक दिन किसी कारणवश बैंक जाने में देरी हो रही थी, वह हड़बड़ा गई। तभी उसे यह भी ध्यान आया कि उसके कपड़े प्रेस नहीं हैं। अनुराधा की यह परेशानी उसके चेहरे पर aझलकने लगी। उसके पति, जो एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं, बिना उसके कुछ कहे ही उसकी हड़बड़ाहट देखकर सब समझ गए और उसके कपड़ों पर प्रेस कर दिए, बिना कुछ कहे-सुने। अपने साथी की उलझन को समझना और उसे मुस्कुराते हुए सुलझा देना ही प्रेम है। अनुराधा को याद नहीं कि कितनी बार जल्दी में वह खाना छोड़कर निकलना चाहती है, तो पति स्वयं तैयार होते-होते भी उसके मुंह में रोटी का कौर रख देते हैं और कहते हैं, 'घर से भूखे नहीं निकलना चाहिए।' यकीनन बहुत सारे लोगों के लिए यह दृश्य बिल्कुल भी सहज नहीं है, क्योंकि आदमी की जो छवि समाज ने गढ़ी है, यह उसके बिल्कुल विपरीत है। पर सच्चा प्रेम यही तो है, बिना किसी की परवाह किए सिर्फ अपने साथी के लिए जीना। जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे को सहारा देना और बिना कुछ कहे एक-दूसरे की पीड़ा को समझना।

### प्रेम कब तोड़ता है दम

प्रेम तब दम तोड़ने लगता है, जब हम एक-दूसरे के साथ मुस्कुराना छोड़ देते हैं, एक-दूसरे की परवाह करना छोड़ देते हैं और एक-दूसरे के दर्द को समझने की कोशिश नहीं करते। इसी के साथ जब हमारे भीतर सिर्फ 'मैं' ही प्रमुख हो जाता है, तब रिश्ते के जीवित रहने की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि किताबों में लिखी हुई 'नारी स्वतंत्रता', 'नारी मुक्ति' की परिभाषाएं और समाज द्वारा सिखाई गई 'मर्दानगी' की कहानियां प्रेम की गहराई के सामने टिक नहीं पातीं, क्योंकि प्रेम इन सब से बहुत ऊपर होता है।

### प्रेम में 'मैं' नहीं 'हम'

'प्रेम' जीवन है, इसे किसी भी वस्तु से खरीदा नहीं जा सकता, ना ही इसे विवश करके पाया जा सकता है। इसे पाने का केवल एक ही रास्ता है, और वह है 'मैं' का त्याग। तो चलिए प्रेम को जीते हैं और 'मैं' को किसी ऐसी गली छोड़ आते हैं, जो कभी 'हम' तक वापस ना आ सके।

## क्या आप भी अपने बच्चे का हद से ज्यादा ख्याल रखते हैं

कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को बहुत ज्यादा प्रोटेक्ट करते हैं, इस तरह ओवरप्रोटेक्शन से बच्चों का कॉन्फिडेंस कमजोर होता है। वे अपनी छोटी से छोटी प्रॉब्लम से भी घबरा जाते हैं। आपके बच्चे स्ट्रॉन्ग बनकर जीवन में सफल रहें, इसके लिए जरूरी है उन्हें बहुत ज्यादा लाड़-प्यार ना दें, उन्हें सेल्फ डिपेंड बनाएं। यह उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत जरूरी है।

परवरिश

ललिता गोयल



सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं कि उनके बच्चे को कभी भी किसी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। इस चाहत में कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हद से ज्यादा लाड़-प्यार या ओवरप्रोटेक्ट करते हैं। लेकिन इस तरह ओवरप्रोटेक्शन यानी ओवर पैंपरिंग बच्चों को इंडिपेंडेंट बनने से रोक सकती है। आगे चलकर बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हो जाते हैं।

**संतुलित रखें अपना लाड़-प्यार:** बचपन सिर्फ बच्चों के खेलने, आराम करने और पैरेंट्स की छत्रछाया में सुरक्षित रहने का समय नहीं होता है। यह वह समय भी होता है, जब वे सीखने और मजबूत बनने के प्रोसेस में होते हैं। इस प्रोसेस में अगर हर बार पैरेंट्स बच्चे के लिए सब कुछ कर देंगे, तो बच्चा जीवन के उतार-चढ़ाव को संभालने की क्षमता विकसित नहीं कर पाएगा। बड़ा होकर वह छोटे-छोटे फेलियर से डरने लगेगा या बहुत जल्दी हार मान लेगा, क्योंकि उसने कभी निराशा, इंतजार या संघर्ष को अनुभव ही नहीं किया होता है। कोई भी चीज हद से ज्यादा हो तो फायदे की जगह नुकसान ही पहुंचाती है। इसलिए बच्चों का लाड़-प्यार भी हमेशा संतुलन में होना चाहिए।



**बच्चों का विकास रुकता है:** बच्चे का ज्यादा ख्याल रखना या ओवर-प्रोटेक्शन, बच्चों के विकास को रोक सकता है। ऐसे बच्चे आत्मनिर्भर नहीं बन पाते, समस्याओं का सामना करने से डरते हैं, चुनौतियों का सामना करने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान माता-पिता द्वारा किए जाने पर बच्चों को अपनी क्षमता पर संदेह होने लगता है। वे भविष्य में मुश्किल परिस्थितियों में घबरा जाते हैं। ऐसे बच्चे हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और अपनी उम्र के अनुसार जिम्मेदारियां नहीं सीख पाते।

**प्यार जताएं-बिगाड़ें नहीं:** बच्चे को आरामदायक माहौल दें लेकिन उनकी हरेक डिमांड पूरी न करें। उसे 'ना' सुनना भी सिखाएं, क्योंकि हर मांग पूरी करने से बच्चे जिद्दी हो सकते हैं। अपनी मांग पूरी करवाने के लिए वे कोई गलत कदम भी उठा सकते हैं।

**जिम्मेदारियां सौंपें-आत्मनिर्भर बनाएं:** बचपन से बच्चे को आत्मनिर्भर बनाएं। जब बच्चा खेलने के बाद अपने खिलौने समेटने की कोशिश करे, तो उसे समेटने दें। खुद न समेटें, जब पैरेंट्स बच्चे के सारे काम खुद करते हैं या उसे हर परेशानी से बचाते हैं, तो वह कभी-भी अपनी समस्याएं खुद सुलझाना नहीं सीख पाता। जो बच्चे हमेशा सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे जीवन में छोटी-मोटी हार या असफलता का सामना नहीं कर पाते। इसलिए उनकी उम्र के अनुसार उन्हें घर के छोटे-छोटे काम जैसे पौधों में पानी डालना, फ्रिज में पानी की बोतल भर का रखना खुद करने दें। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

**गलतियों से सीखने दें:** बच्चों से कोई गलती होने पर उसे बचाने के बजाय उन्हें अपनी बात रखने दें, अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को सही गाइडेंस, इमोशनल सपोर्ट और सीमित आजादी के साथ अपने अनुभवों से सीखने का मौका दें। बच्चों को गलतियां करने दें और उनसे सीखने का मौका दें। प्यार का मतलब केवल सुरक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को उनके आने वाले जीवन के लिए तैयार करना भी होता है।

**बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाएं:** बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाना भी उतना ही जरूरी है, जितना उन्हें प्यार और सुरक्षा देना, इसलिए पैरेंट्स को बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

**(साइकोलॉजिस्ट डॉ. श्रुति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

गार्डनिंग

अनु आर.

अगर आपके पास गार्डेनिंग के लिए ज्यादा स्पेस नहीं है तो भी अपनी बालकनी में आप मिनी बालकनी गार्डेन बना सकती हैं। इसके लिए क्या करना होगा, जानिए।

## हरियाली से भर उठेगा आपका मिनी बालकनी गार्डेन



हालांकि अभी उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बारिश शुरू हो जाएगी। पहली बारिश की बूंदें केवल धरती को ही नहीं मन को भी तरोताजा कर देती हैं। यही वह समय होता है, जब पौधे तेजी से बढ़ते हैं। इसीलिए बागवानी का शौक रखने वालों को यह मौसम सबसे अच्छा लगता है। लेकिन शहरों में फ्लैट्स या छोटे मकानों में रहने वाले लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या होती है, किचेन गार्डेन के लिए पर्याप्त जगह का न होना। सवाल है, क्या फिर जिनके पास अपने आंगन में या घर के बाहर किचेन गार्डेन की जगह नहीं है, वे गार्डेनिंग के अपने शौक को मन में ही दबाकर रखें? ऐसा नहीं है। लगभग सभी फ्लैट्स में बालकनी तो होती ही है। आने वाले बारिश के दिनों में यही बालकनी, प्रकृति से जुड़ने का एक आसान जरिया बन सकती है।

**मिनी बालकनी गार्डन का ट्रेंड:** इन दिनों बड़े शहरों में, खासतौर पर मल्टीस्टोरे अपार्टमेंट्स में मिनी बालकनी मानसून गार्डन का नया चलन तेजी से शुरू हुआ है। इसमें छोटी-सी बालकनी को भी कुछ गमलों, लटकने वाले पौधों और मौसमी सब्जियों के पौधों के जरिए एक प्यारी-सी हरी-भरी दुनिया में तब्दील किया जा सकता है। यह केवल घर की सुंदरता को नहीं बढ़ाता बल्कि आपकी मानसिक शांति, ताजी हवा और ताजा भोजन का स्रोत भी बनता है। आने वाले बारिश के दिन आपके मिनी बालकनी गार्डन को तैयार करने में बहुत सहायक हो सकते हैं।



**लगाएं ये पौधे:** अगर आप पहली बार अपनी छोटी-सी बालकनी को मानसून गार्डेन में तब्दील कर रही हैं, तो ऐसे पौधों को चुनें, जिनकी देखभाल करनी बहुत आसान है। मसलन तुलसी, पुदीना, हरी धनिया, हरी मिर्च, करीपत्ता। ये पौधे सिर्फ बालकनी की हरियाली में इजाफा नहीं करते बल्कि ये आपकी रसोई में नए-नए स्वादों का इजाफा भी करते हैं। जहां तक फूलों की बात है तो इस मौसम में गेंदा, जिनिया, बालसम और सदाबहार के पौधे अच्छी वृद्धि करते हैं। इनके रंग-बिरंगे फूल बालकनी को हरियाली के साथ रंगीन भी बना देते हैं।

**वर्टिकल गार्डेनिंग है ऑप्शन:** छोटी बालकनियों में ज्यादा पौधे लगाने के लिए वर्टिकल गार्डेन एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें पौधों को दीवारों, स्टैंड या लटकते गमलों में लगाया जाता है। इस तकनीक में पौधे जगह बहुत कम घेरते हैं। पुराने प्लास्टिक कंटेनर, बोतलें और लकड़ी के बक्सों का रचनात्मक प्रयोग भी वर्टिकल गार्डेन स्टैंड के रूप में किया जा सकता है।

**इस बात का रखें विशेष ध्यान:** बारिश के पानी में प्राकृतिक उर्वरता होती है। इसलिए इसमें पौधे न सिर्फ खूब हरे भरे रहते हैं बल्कि तेजी से बढ़ते भी हैं। हालांकि लगातार बारिश होने पर पौधों के गमलों में अगर ज्यादा पानी इकट्ठा हो जाए तो उसे तुरंत निकाल देना चाहिए, नहीं तो पौधों को नुकसान होता है।

**मिलते हैं ये फायदे:** यह छोटा-सा गार्डन हमारे मन को प्रसन्न रखता है, हमारी सोच को सकारात्मक बनाता है और हमें तरोताजगी से भरता है, जिसमें हम थकते नहीं बल्कि उत्साह से भरे रहते हैं। इसकी वजह से घर और भी खूबसूरत दिखता है।

मेकअप

नीलोफर

## तेजी से हो रहा पॉपुलर नो-मेकअप लुक

उमस भरी गर्मी का यह मौसम स्किन पर भी प्रभाव डालता है। बार-बार होने वाला पसीना और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण चेहरे पर मेकअप टिक नहीं पाता है। इसीलिए इस सीजन के लिए नो-मेकअप लुक का ट्रेंड पॉपुलर हो रहा है।

**क्या है नो-मेकअप लुक:** नो-मेकअप लुक का मतलब मेकअप बिल्कुल न करना नहीं होता है। इसका मतलब है, त्वचा को इतना स्वस्थ और स्वाभाविक रूप से चमकदार बनाना कि बिना हैवी मेकअप के भी वह आकर्षक दिखाई दे। यह लुक वास्तव में चेहरे की नेचुरल ब्यूटी को उभारता है और त्वचा को सांस लेने का मौका देता है। इसलिए उमस भरी गर्मी और बारिश के दिनों में सुंदर दिखने का सबसे सरल तरीका है, त्वचा की बुनियादी देखभाल पर ध्यान देना। त्वचा साफ, हाइड्रेटेड हो और स्वस्थ हो तो उसे छुपाने के लिए अधिक मेकअप करने की जरूरत नहीं पड़ती है।



**इसलिए हो रहा पॉपुलर:** नो-मेकअप लुक इसलिए भी पॉपुलर हो रहा है क्योंकि आज बहुत सारी महिलाएं केवल कॉस्मेटिक्स पर निर्भर रहने की बजाय अपने नेचुरल लुक को स्वीकार करने लगी हैं। जब किसी विशेष अवसर पर थोड़ा मेकअप करना भी हो तो केवल टिंटेड मॉयश्चराइजर, हल्का कॉम्पैक्ट पावडर, मस्कारा और लिप बाम लगाना ही पर्याप्त होता है।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** नो-मेकअप लुक के लिए, मेकअप की शुरुआत से पहले चेहरे की सफाई करें। इन दिनों की उमस और आने वाले बारिश के मौसम में भी धूल के साथ नमी, त्वचा के रोमछिद्रों में जमा हो जाती है। इसे हटाने के लिए ऐसा फेशवॉश चुनें, जो त्वचा को साफ करे, लेकिन उसका नेचुरल मॉयश्चर न हटाए। इसके बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। उमस में नमी की कमी होने पर त्वचा और अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर बेहतर विकल्प है।

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं:** अभी तो तेज धूप हो ही रही है, बारिश के मौसम में भी बादलों के पीछे छिपा सूरज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करना चाहिए। यह त्वचा को टैनिंग, पिग्मेंटेशन और समय से पहले बूढ़ा दिखने से बचाती है। सनस्क्रीन नो मेक-अप ग्लो को बरकरार रखने में मददगार होती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** इस उमस भरे मौसम में कुछ सरल उपाय से आपको नो-मेकअप लुक कैरी करने में मदद मिलती है। जैसे दही और बेसन का फेस पैक त्वचा की सफाई करता है। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है, जबकि गुलाब जल ताजगी का एहसास देता है। हालांकि किसी भी घरेलू उपाय का उपयोग करने से पहले त्वचा की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। जो उपाय किसी पर अच्छा असर देता है, जरूरी नहीं कि दूसरे पर भी वही परिणाम दे।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रेनू अग्रवाल
गायनेकोलॉजिस्ट

बढ़ती उम्र में सभी महिलाओं, खासतौर पर सिंगल वूमेन को अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना चाहिए। आपके भीतर पनप रही किसी बीमारी का शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए, इसके लिए रेग्युलर कुछ चेकअप और टेस्ट कराना जरूरी है। कौन से हैं ये टेस्ट, आपको जरूर जानना चाहिए।

## सिंगल वुमेन न बरतें लापरवाही जरूर करवाएं ये मेडिकल टेस्ट



अधिकांश महिलाएं पूरे घर के लोगों की सेहत का ध्यान रखती हैं लेकिन जब अपनी सेहत की देखभाल की बारी आती है तो वे खुद को अकसर इग्नोर करती हैं। फैमिली के साथ रहने वाली महिलाओं का ध्यान रखने के लिए तो फिर भी अन्य सदस्य होते हैं लेकिन सिंगल वुमेन (जो शादी नहीं करतीं या तलाक ले चुकी हैं या विडो हैं) में उम्र बढ़ने पर अकेलेपन के कारण तनाव का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे उनमें कई हेल्थ इश्यूज होने की आशंका तक बढ़ जाती है। इसलिए सिंगल वुमेन को समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट अवश्य करवाते रहना चाहिए ताकि बीमारी का पता चलने पर उसका समय रहते उपचार कराया जा सके।

**पैप स्मीयर टेस्ट:** यह टेस्ट सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय के कैंसर का पता लगाने के लिए सबसे प्राथमिक और प्रभावी तरीका होता है। इस टेस्ट को 21 वर्ष की आयु के बाद हर 3 साल में जरूर करवाना चाहिए।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** बोन डेंसिटी टेस्ट में एक विशेष प्रकार के एक्स-रे के द्वारा स्पाइन, कलाइयों, कूल्हों की हड्डियों की डेंसिटी मापकर इनकी शक्ति का पता लगाया जाता है ताकि हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से पहले ही उनका उपचार किया जा सके।

**ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग-मैमोग्राम :** इस टेस्ट से ब्रेस्ट कैंसर होने का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट को 40 वर्ष की आयु से हर 1 या 2 साल में डॉक्टर की सलाह पर करवाना चाहिए। इस टेस्ट में क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (सीबीई) में स्तन कैंसर की जांच की जाती है।

**ब्लड प्रेशर टेस्ट:** हार्ट को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लड प्रेशर 140/90 से अधिक है तो दिल पर दबाव पड़ता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी फेल होने की आशंका बढ़ जाती है। यह टेस्ट साल में 1 बार जरूर कराएं।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट:** महिलाओं में थायरॉइड असंतुलन की समस्या बहुत आम है, जिससे उनका वजन, मूड और पीरियड्स प्रभावित होते हैं। यह टेस्ट साल में एक बार करवाना चहिए।



**ब्लड शुगर टेस्ट:** 35 वर्ष की उम्र के बाद हर 3 साल में सिंगल वुमेन को फास्टिंग ब्लड शुगर और एचबीए1सी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इस टेस्ट से रक्त में शुगर के स्तर का पता लगाया जाता है।

**ओवेरियन सिस्ट टेस्ट:** पेट के निचले हिस्से में दर्द, अनियमित मासिक धर्म, पीरियड्स के दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग हो तो ओवेरियन सिस्ट का टेस्ट कराना चाहिए। छोटे आकार के सिस्ट अपने आप ठीक हो जाते हैं। सिस्ट 1 इंच से बड़ा हो तो ओवेरियन कैंसर होने की आशंका होती है।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** इस टेस्ट से दिल की बीमारियों की चपेट में आने की संभावना का पता चलता है। यह टेस्ट 3 वर्ष में 1 बार करा लेना चाहिए। रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य से अधिक आता है, तो हर 6 से 12 महीने में यह टेस्ट कराना चाहिए।

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

# राष्ट्रपति मुर्मू ने देखी चीता प्रदर्शनी, चीता कमांड कंट्रोल सेंट्रल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» चीतों की निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी

» सीसीफ, कलेक्टर, डीएफओ सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद


चीता प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुनो नेशनल उद्यान के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के अवलोकन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को चीतों कि निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रपति ने चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर परिसर में चीता प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति पर लगाई गई प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कुनो में मौजूद है, तीन चीते गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर भेजे गए है। इस मौके पर सीसीफ उत्तम कुमार, कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ आर थिरूकुराल आदि मौजूद रहे। कलेक्टर दाहिमा ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से चीता के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इस दौरान चीतों के लिए की गई सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। उन्हें बताया गया कि हर 2 किमी पर जंगल में वाटर पिट बनाए गए हैं, जिनमें अवश्यकतानुसार पानी भरवाया जाता है। उन्हें बोत्सवाना से लाए गए चीतों की गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान 8 चीते रिसीव किए गए थे जिन्हें कुनो लाया गया है।

### राष्ट्रपति की कूनो हेलीपैड पर प्रभारी मंत्री ने की अगवानी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपैड पर मिनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, पीसीसीफ शुभरंजन सेन, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौजन्य भेंट, स्मृति चिन्हों का हुआ आदान-प्रदान


राष्ट्रपति से भेंट करते मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज. भोपाल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से जबलपुर सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस गरिमामयी मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संस्कृति व श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए जीवनदायिनी मां नर्मदा की बेहद सुंदर प्रतिमा भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुरी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की आलौकिक तस्वीर सप्रेम भेंट की। ओडिशा की ऐतिहासिक धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर के विश्व प्रसिद्ध चक्र की भव्य प्रतिकृति भी उपहार स्वरूप प्रदान की।

## योगाभ्यास में राज्यपाल ने कहा: स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन

# पीएम मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का वैश्विक पटल पर कराया परिचय: सीएम

लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, भारत ने अपने ज्ञान-विवेक और विचार से सदैव सभी को एक-दूसरे से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, हमारी आध्यात्मिक चेतना और समृद्ध सनातन संस्कृति का वैश्विक पटल पर परिचय कराया है। प्रधानमंत्री ने जब वर्ष 2015 में विश्व योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सभा में रखा तो 175 से ज्यादा देशों ने इसका ऐतिहासिक समर्थन किया था। इस वर्ष सामूहिक योग सत्रों में करीब 30 से 35 करोड़ लोग शामिल हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने को योग से जोड़ने के लिए "हर घर योग अभियान" सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मप्र तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की।

### योगमय हुआ मप्र, अनिगनत साधकों ने किया योगाभ्यास


योग करतीं राष्ट्रपति।

### विश्व कल्याण का आधार है योग: सीएम डॉ. यादव


योग करते मुख्यमंत्री।

### संतुलित, सरल, आनंदमयी जीवन की पद्धति है योग


सामूहिक योगाभ्यास में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन को संतुलित, सरल और आनंदमयी बनाने की पद्धति है। योग ही स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने स्वस्थ जीवन का जो मार्ग दिखाया था, आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारतीय योग को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिया गया।

### मध्यप्रदेश है योगियों की तपोस्थली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश योगियों की तपोस्थली रही है। भगवान श्रीकृष्ण को मप्र की धरती पर योग का ज्ञान प्राप्त हुआ। मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संपन्नता गौरवशाली इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की,यहां उन्होंने 64 कला और 14 विद्याओं का गहन अध्ययन किया, इनमें योग विज्ञान सबसे प्रमुख था।

### बोट क्लब पर सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बोट क्लब पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में भोपालवासियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर योग के महत्व और स्वस्थ जीवन में उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

» *भाजपा के योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में भोपालवासी हुए शामिल*



### सशक्त जीवन का संदेश



'योग फॉर हेल्दी ऐजिंग' रखी गई है, जो स्वस्थ, सक्रिय,आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर सभी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

### गोंदरमऊ को तीर्थस्थल के रूप में करेंगे विकसित

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि का जन्म भोपाल के गोंदरमऊ गांव में हुआ था, तो वह इस क्षेत्र को योग तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम प्राचीन संस्था योग



अनुसंधान परिषद में आयोजित किया गया, जहां सांसद ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

## पीएम के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

# पर्यटन निगम के अधिकारियों ने मिंटो हॉल में किया योग


लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के उद्बोधन का प्रसारण सुनते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मप्र पर्यटन बोर्ड की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने योग को विश्व शांति और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि योग सबको जोड़ता है, सबको साथ लाता है और जब योग हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

कार्यक्रम में मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी., अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर तथा संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अंकेश भदौरिया सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। सचिव पर्यटन एवं मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल स्वास्थ्य गतिविधि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं जीवन मूल्यों से जुड़ी समृद्ध विरासत का अभिन्न हिस्सा है। योग हमें अनुशासन, आत्मविश्वास सिखाता है।

### » योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर आयोजित हुआ

पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ सेवा समिति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी उत्साह से योगाभ्यास किया। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में संत हिरदाराम आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की प्रशिक्षित टीम द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया।

## राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे थे मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में लिया भाग, 333 विकास कार्यों का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां शहर के स्टेट स्कूल में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन में उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 510 करोड़ 89 लाख 16 हजार रुपये की लागत वाले 333 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रगतिशील किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े किसानों को सम्मानित भी किया। साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रगतिशील किसान सम्मेलन के साथ 510 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। स्कूल खुलने के बाद विभिन्न स्कूलों में सामने आ रही समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि जहां भी व्यवस्थाओं में कमी की जानकारी मिलेगी, वहां सुधार किया जाएगा।

## 81 एटीएम, 62 पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 81 एटीएम कार्ड, 62 बैंक पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई खुर्सीपार थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने की।

आरोपियों द्वारा गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाए जाते थे। इन खातों का उपयोग अवैध वित्तीय लेनदेन और ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए किया जा रहा था। आईपीएल सीजन के दौरान रांची (झारखंड) से इस नेटवर्क का संचालन किया गया और अन्ना रेड्डी ऑनलाइन बेटिंग एप्लीकेशन के माध्यम से सट्टा कारोबार चलाया जा रहा था। दुर्ग ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि खुर्सीपार थाना पुलिस ने इस मामले में अजय मिश्रा निवासी सेक्टर-1, एवेन्यू सी, भिलाई, दीपक कुमार निवासी ग्राम नगदोई, जिला नालंदा (बिहार) और करण कुमार सिंह निवासी बालाजी नगर, खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों से एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, 13 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, 62 बैंक पासबुक, 81 एटीएम कार्ड और पांच चेकबुक बरामद किए हैं।

### घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई खेल मैदान, खुर्सीपार स्थित बिजली पोल के पास तीन युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालित कर रहे हैं। उनके पास बड़ी संख्या में बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य बैंकिंग दस्तावेज भी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों की पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और हार्ड डिस्क बरामद किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालन और अवैध वित्तीय लेनदेन में संलिप्त होने की बात स्वीकार की।


## मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया योग दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कंपनी मुख्यालय स्थित आस्था परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, संयुक्त निदेशक दीपक चौरासे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. गोयल सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा ने योग दिवस कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है।

## स्वस्थ जीवन शैली का लिया संकल्प

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने किया सामूहिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



श्रम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेश के श्रमिकों के कल्याण और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें योग से जुड़ने का विशेष आह्वान किया था। मंत्री पटेल के इस प्रेरक आह्वान का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला! अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के औद्योगिक और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।

प्रदेश के कुल 337 संस्थानों में 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन ने कहा कि योग किसी एक दिवस तक सीमित न होकर, श्रमिकों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि श्रमिक प्रतिदिन योग से जुड़ें, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रह सकें। एक स्वस्थ और ऊर्जावान श्रमिक ही आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। श्रम विभाग और मप्र श्रम कल्याण मंडल के प्रयासों से आयोजित इस प्रदेश स्तरीय योग कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। श्रम मंत्री पटेल ने स्वयं जबलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रमिकों के साथ योग किया।

वाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य सामग्री मिली

# आईएसआई एजेंट गिरफ्तार, दे रहा था संवेदनशील जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा




पंजाब के तरनतारन जिले के एक 23 वर्षीय युवक को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से गिरफ्तार किया गया है। उस पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान सेवक सिंह के रूप में हुई है। वह पाकिस्तान समर्थित आईएसआई नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में था। जांच के दौरान सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति संबंधी चर्चाएं भी सामने आई हैं। सिंह को अकलतरा कस्बे में किराएदार सत्यापन अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। सत्यापन के दौरान वह संदिग्ध पाया गया। उसके खिलाफ अकलतरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उसके मोबाइल फोन की जांच से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सामग्री मिली है। यह सामग्री आईएसआई नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों के साथ संचार का संकेत देती है।

## पौधरोपण कर दिया स्वस्थ एवं हरित भविष्य का सकारात्मक संदेश

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस परिवार ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धृति कल्याण शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से 25वीं वाहिनी के हॉल में योग कार्यक्रम एवं धृति 23वीं वाहिनी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, सकारात्मक जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय,भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस लाइन नेहरू नगर, 23वीं वाहिनी विसबल, 25वीं वाहिनी विसबल, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल तथा झूला घर पुलिस मुख्यालय भोपाल से जुड़े पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देहात पुलिस का सामूहिक योगाभ्यास

भोपाल। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) पुलिस परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ आयु के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल (देहात) रेंज संजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक, भोपाल ग्रामीण रेंज राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय एवं एसडीओपी मंजू चौहान उपस्थित रहीं। योगाभ्यास का प्रशिक्षण लाइव प्रसारण एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कराया गया, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

चिंतन

# आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना। ऐसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।



विकसित भारत 2047
नरेंद्र सिंह तोमर

# संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक



व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष 2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है।

मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष
मोहित सिंगला



# एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युगपुरुष


कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।" अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था "या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।" अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।


# बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। – *प्रशांत चौबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।




## ऑफ बीट

# भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।



## ट्रेंड

### पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे



पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

### छक्का लगाया



जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। **-एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र

### उनकी वफादारी बिकाऊ



शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। **-आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र

### प्रयोगशाला को मंजूरी दें



आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। **-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## हे राम...



**150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए**

3 सदस्यीय टीम रविवार को मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची थी, तब मुलाकात नहीं हो सकी

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला और गहराया

एसआईटी ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट, टिन्नू समेत 80 लोगों पर लटकी एफआईआर की तलवार, अयोध्या से बाहर न जाने की पाबंदी लगाई

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां के राम मंदिर चंदा चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच पूरी हो गई है। वह सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपदेने की खबर है। बताया जा रहा है कि 3 सदस्यीय टीम रविवार को मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची थी, लेकिन एक जुड़ी बैठक के कारण वे नहीं मिल सके थे। जांच में 150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए हैं। जल्द ही एफआईआर की कार्यवाही शुरू हो सकती है। जांच टीम ने चंदा चोरी मामले में कई अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी।

### सभी लोगों पर अलग-अलग आरोप

जांच रिपोर्ट में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के सहयोगी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और अनुकल्प मिश्रा समेत 80 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर हो सकती है। टिन्नू पर कई गंभीर आरोप हैं। जांच में गणना और चोरी के आंकड़े मेल नहीं खा रहे, जबकि सभी के बयान भी अलग-अलग हैं। मंदिर निर्माण समिति के गोपाल राव ट्रस्ट में नहीं थे, फिर भी अहम जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। सभी पर अलग-अलग आरोप हैं।

### राय और ट्रस्टी मिश्रा पर लगा प्रतिबंध

एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है, उनको अयोध्या से बाहर न जाने को कहा है। इसमें चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि गोपाल राव कर्नाटक में हैं। हालांकि, ये नहीं पता कि उन्होंने कर्नाटक जाने से पहले एसआईटी को जानकारी दी थी या नहीं।





### चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए और सीसीटीवी बढ़ाए गए

अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुए चढ़ावे की गिनती में गड़बड़ी और कथित चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी ) द्वारा जांच तेज कर दी गई है। जांच के दौरान दान की गिनती से जुड़े लगभग 40 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। चढ़ावे की गिनती में अनियमितताएं सामने आने के बाद बैंक और ट्रस्ट द्वारा लगभग 40 कर्मचारियों को गिनती के कार्य से हटाकर दूसरी जगह ड्यूटी पर लगा दिया गया है। नई व्यवस्थाः गणनास्थल पर सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर 3 से 4 कर दी गई है बैंक की ओर से नए गणना कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।



### *हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग नहीं मानी*

*इस याचिका को लेकर हाईकोर्ट ने साफ किया कि किसी भी मामले को आउट-ऑफ-टर्न सुनवाई के लिए स्वीकार करने के लिए विशेष परिस्थितियों का होना आवश्यक है। अदालत ने साफ किया कि फिलहाल राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया है और एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो गई है।*

## खबर संक्षेप

### ओलंपिक डे पर आज चंडीगढ़ में महाकुंभ

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम खेल भावना और ओलंपिक मूल्यों के रंग में रंगा नजर आएगा। हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। करण गिलहोत्रा व वाइस प्रेसिडेंट अनिल वोहरा करेंगे।



### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावः महायुति का डंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 17 में से 16 सीटें अपने नाम कर ली हैं। हालांकि, नासिक में सत्तारूढ़ गठबंधन की इस जीत में खलल पड़ा, जहां निर्दलीय प्रत्याशी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को हरा दिया।सोमवार को मतगणना के साथ समापन हुआ। भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।



### मई में 159 दवा नमूने खरे नहीं उतरे

**नई दिल्ली।** देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ लगातार निगरानी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के लिए जारी मासिक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में कुल 159 दवा नमूनों को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' यानी मानक गुणवत्ता से कम पाया गया है।



### अल्लू अर्जुन समेत 23 की 6 को होगी सुनवाई

**मुंबई।** पुष्पा 2' भगदड़ मामले में कोर्ट में अभिनेता अल्लू अर्जुन की वर्चुअल पेशी थी, लेकिन कोर्ट में इस केस की सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने अल्लू अर्जुन समेत केस के बाकी आरोपियों को अगली सुनवाई पर एक साथ पेश होने का आदेश दिया है। हैदराबाद में नामपल्ली क्रिमिनल कोर्ट ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई 6 जुलाई तक के लिए टाल दी।



### मां को उतारा मौत के घाट, पिता भी घायल

**मंडी।** जिले के सुंदरनगर उपमंडल के जयदेवी क्षेत्र के गहरी गांव में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद खूनी वारदात में बदल गया। शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान एक बेटे ने कथित तौर पर डंडे से हमला कर अपनी मां की निर्मम हत्या कर दी। पिता बीच-बचाव करने आए तो वे भी गंभीर घायल हो गए।



नवीन ने लुधियाना में किया युवाओं से संवाद

## पंजाब में भी भाजपा का सशक्त होना व आगे बढ़ना आवश्यक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपने तीन दिवसीय पंजाब दौरे के तीसरे और अंतिम दिन लुधियाना में युवा संवाद किया। उन्होंने कहा कि मुझे पंजाब की अहमियत अच्छी तरह समझ में आती है। पंजाब केवल देश की सुरक्षा ही नहीं करता, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की भी रक्षा करता है। पंजाब भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है और भारतीय जनता पार्टी के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय से पूरा देश प्रसन्न हुआ था। लोगों को यह विश्वास मिला कि अब वहां सुशासन और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उसी प्रकार पंजाब में भी भारतीय जनता पार्टी सशक्त होना और आगे बढ़ना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। साथ ही जनता के मुद्दों को लेकर सड़कों पर संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेगी। भाजपा संगठन और जनहित, दोनों मोर्चों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि चाहे फुटबॉल हो, चाहे क्रिकेट हो, चाहे एथलीट हो, चाहे ओलंपिक हो, लेकिन मैं देखता था कि मैं भी जब स्कूल कॉलेज की लाइफ में था, तो हमारे भारत का नंबर नीचे से भी दूसरा, तीसरा नजर आता था। खाता खुल जाता था, तो लगता था कि भारत का प्राइड आ गया। खाता खुल जाता था। कभी-कभी तो

खाता भी नहीं खुलता था। एक कोई ब्रॉन्ज ले आया, तो हमें लगता था चलो, टैली में हम कहीं नजर आ गए। इस देश में कहीं न कहीं वह परिस्थिति थी। कोई अपनी व्यक्तिगत क्षमता के आधार पर कोई कुछ ले आता था, तो हमको लगता था कि कोई एक पी. टी. उषा बन जाए। लेकिन आज इस देश में, मैं मानता हूं कि हमारे लिए सबसे बढ़िया अगर कुछ चीज़ हुआ है, तो आज के युवा आबादी के लिए स्पोर्ट्स के प्रति उनका आकर्षण और उनका रोड मैप सामने दिख रहा है।

## प. एशियाई देशों के निजी छात्रों के लिए मूल्यांकन नीति तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में खाड़ी देशों में परीक्षा रद्द होने से प्रभावित सीबीएसई कक्षा 12 के एक प्राइवेट अभ्यर्थी के परिणाम को लेकर शिकायत की गई थी। सरकार ने बताया कि समाधान के लिए एक राष्ट्रीय नीति अधिसूचित कर दी गई है। सुनवाई न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ कर रही थी। सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिए।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता, समस्याओं के समाधान पर दिया जोर

# शिंदे ने कहा-हमने जीत का छक्का लगाया आदित्य ने कहा- ये बागी नहीं... बिकाऊ

*शिंदे ने कहा कि मेरे पास अब 4 संजय*

*उद्धव गुट को दिया एक बड़ा सियासी झटका*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर आखिर पूरा हुआ। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के 6 सांसदों को अपनी पार्टी में विलय का ऐलान करते हुए बताया कि इन लोगों ने पार्टी क्यों छोड़ी? शिंदे ने उद्धव के सिपहसालार संजय राउत पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अब मेरे पास तो 3-3 संजय हैं। संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख और संजय जाधव। चौथे हैं संजय राठौड़। इसलिए किसी और की बात करने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर उन्होंने 'ऑपरेशन टाइगर' का सच बताया।

हमने छक्का लगा दिया है। शिंदे ने कहा कि जब मैं सीएम था, तो मैंने एक कार्यकर्ता की तरह व्यवहार किया और आज भी मैं एक कार्यकर्ता की तरह ही काम करता हूं। मैं इन सभी 6 सांसदों से कहना चाहता हूं कि उन्हें भी आम कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार करना होगा और हम उनके साथ भी सभी का सम्मान करेंगे. हमारे मंत्री आपके साथ बैठकर आपके निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। मैं हमेशा कहता हूं कि कोई भी काम मैं अधूरा नहीं छोड़ता. ऑपरेशन टाइगर आपके सामने सफल हुआ।



एकनाथ शिंदे



आदित्य ठाकरे

#### भाजपा ने टूटने की बताई वजह

### हिंदुत्व की राह से भटके उद्धव ठाकरे

शिवसेना यूबीटी अपने सांसदों के संभावित दलबदल को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। अब इस पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व की राह से भटक गए हैं और इसी वजह से उनकी पार्टी में टूट हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, हिंदुत्व की राह से भटकी और कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बन गई।

### उद्धव 27 से करेंगे अब सीधा संवाद

सियासी संकट के बीच उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने का फैसला किया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत द्वारा साझा कार्यक्रम के मअनुसार उद्धव ठाकरे 27 जून से महाराष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। वह यवतमाल, वाशिम, हिंगोली, परभणी, धाराशिव और शिरडी का दौरा करेंगे।



उद्धव ठाकरे

#### वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहुंचे मुंबई

*इससे पहले उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ने वाले 6 सांसद वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहली बार एक साथ मुंबई पहुंचे। सोमवार दोपहर 2 बजे इन सभी 6 सांसदों ने नंदनवन आवास पर शिंदे से मुलाकात की और चर्चा की। इसके बाद, यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी में प्रवेश किया और ऐलान किया कि वे अब शिंदे के नेतृत्व में काम करेंगे।*

### प्रेग्नेंट थे शिंदे, 6 गद्दार सांसदों को दिया जन्म

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि शिंदे प्रेग्नेंट हैं और उन्होंने छह गद्दार सांसदों को जन्म दिया है। उद्धव गुट के 6बागी सांसदों ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है, जिससे उद्धव गुट के नेता भड़क गए।



संजय राउत

### संजय को जवाब-शिवसेना को बढ़ाने एकजुट हो गए

संजय राउत को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि कुछ लोग उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम यहां किसी को रोकने या कुचलने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिवसेना को बढ़ाने के लिए एकजुट हुए हैं। हम किसी के काम में दखल नहीं देते, इसलिए कोई हमारे काम में भी टांग न अड़ाए।

#### कांग्रेस ने साधा निशाना

### ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ बताया

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी में मची फूट के बाद देश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खेमे को और कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ करार दिया है।



पवन खेड़ा

शाह आज करेंगे ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ

## कृषि विपणन में अब आएगी क्रांति किसानों को मिलेगी शांति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ के अत्याधुनिक डिजिटल ऑक्शन पोर्टल 'नेफ़ेक्स डॉट इन' का शुभारंभ करेंगे। बहुप्रतीक्षित पोर्टल किसानों के लिए वरदान साबित होगा। यह कृषि उपज, बागवानी उत्पादों तथा अन्य सहकारी क्षेत्र से जुड़े उत्पादों की पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और तकनीक आधारित नीलामी सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। नए पोर्टल के माध्यम से किसानों, सहकारी समितियों, व्यापारियों और खरीदारों को एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध होगा, जिससे कृषि विपणन प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सकेगी। शाह के अनुसार यह पहल 'सहकार से समृद्धि' के विजन को आगे बढ़ाने के साथ कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन को गति देने का कार्य करेगी। पोर्टल से देशभर के खरीदार और विक्रेता ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा वहीं उपज की व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होगी।कार्यक्रम में सहकारिता मंत्रालय, नेफेड तथा मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं और इसके माध्यम से किसानों एवं सहकारी संस्थाओं को होने वाले लाभों की जानकारी भी साझा की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि नेफ़ेक्स डॉट इन कृषि विपणन में पारदर्शिता बढ़ाने, बिचौलियों की भूमिका कम करने तथा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह पहल डिजिटल इंडिया और सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

## ईस्ट कोस्ट रेलवे के 631 रूट किमी में अब 'कवच' से सुरक्षा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार ने ईस्ट कोस्ट रेलवे नेटवर्क के 631 किमी मार्ग पर स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने को मंजूरी दे दी है। इस पर करीब 270 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह परियोजना ईस्ट कोस्ट रेलवे के 6 महत्वपूर्ण रेल सेक्शन्स को कवर करेगी, जिनमें बाघुआपाल-बुढ़ापंक, हरिदासपुर-पारादीप, खुर्दा रोड-बलांगीर, नौपाड़ा-गुनुपुर, लांजीगढ़ रोड-जूनागढ़ और बोब्बिली-सलूर रेल सेक्शन शामिल हैं। यह उस बड़े कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके तहत पूरे रेल नेटवर्क पर व्यवस्था होनी है।

मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में लिया फैसला

## पुराने ट्रकों एवं बसों के प्रतिस्थापन पर मोटर वाहन कर में छूट प्रदान की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की सहायता योजना के तहत राज्य के एनसीआर जिलों में पुराने ट्रकों एवं बसों (बीएस-4 अथवा उससे पूर्व उत्सर्जन मानकों वाले) के प्रतिस्थापन पर मोटर वाहन कर में छूट प्रदान करने को मंजूरी दी गई। ट्रकों एवं बसों के लिए पात्र लाभार्थियों को नए बीएस-4 अथवा उससे कड़े उत्सर्जन मानकों वाले, इलेक्ट्रिक (ईवी) तथा सीएनजी ट्रकों एवं बसों की खरीद पर मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ट्रकों एवं बसों के लिए योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पुराने बीएस-4 अथवा उससे कड़े उत्सर्जन मानकों वाले, इलेक्ट्रिक (ईवी) तथा सीएनजी ट्रकों एवं बसों की खरीद पर मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। दोनों ही मामलों में मोटर वाहन कर में यह छूट 10 वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगी। इसके अलावा, योजना के तहत खरीदे गए नए वाहनों के पंजीकरण पर पंजीकरण शुल्क में भी छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही, योजना में पुराने ट्रकों एवं बसों के साथ भाग लेने वाले लाभार्थियों को एक वर्ष से अधिक समय से लंबित देनदारियों में छूट प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के राज्यपाल ने भी राज्य के एनसीआर जिलों में पंजीकृत पुराने बीएस-4 अथवा उससे पूर्व उत्सर्जन मानकों के अनुरूप ट्रकों एवं बसों के संबंध में एक वर्ष से अधिक समय से लंबित बकाया देनदारियों में छूट प्रदान की है। इस प्रोत्साहन से वाहन बेड़े के आधुनिकीकरण में तेजी आने, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कमी लाने तथा राज्य के एनसीआर जिलों में वायु गुणवत्ता में सुधार होने की अपेक्षा है, जिसमें 93458 ट्रक और 16329 बसें शामिल है।



नगरासू गुरुद्वारा विवाद

## 2 और निहंग नीचे उतरे, अब अंदर 4 ही मौजूद, पहरा बढ़ा



निहंगों पर कार्रवाई करती पुलिस

एजेंसी ▶▶ नगरासू

गुरुद्वारे की तीसरी मंजिल पर डटे निहंगों में से दो और निहंग नीचे उतर आए हैं। नीचे उतरे 2निहंगों में से एक की पहचान परमवीर सिंह (33 वर्ष), निवासी ग्राम मलकपुर, जिला रूपनगर (रूपड़), पंजाब और दूसरे की जगनदीप के रूप में हुई है।

एक निहंग रविवार को ही उतर गया है। 3निहंगों के उतरने के बाद अब गुरुद्वारे के अंदर 4हिंग मौजूद हैं। गुरुद्वारे में शनिवार शाम से शुरू हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा रविवार शाम करीब 27 घंटे बाद कुछ हद तक शांत हुआ था। जिला प्रशासन और निहंगों के बीच वार्ता हुई, लेकिन ठोस समाधान नहीं निकल सका। रविवार शाम प्रशासन की ओर से दोबारा बातचीत किए जाने के बाद बंधक बनाए गए सेवादार नवतेज सिंह को भी रिहा कर दिया गया था। एक निहंग भी नीचे उतर आए।

## बागी नेताओं ने कहा- हर तीन वर्ष में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होना अनिवार्य

ममता खेमे ने दावों को खारिज किया, समिति बनाने या नेतृत्व बदलने का कोई अधिकार नहीं

# ममता को हटाकर अरूप रॉय बने टीएमसी के नए चेयरमैन, अभिषेक को भी महासचिव पद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल में ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट ने दावा किया कि उसने पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यसमिति गठित कर दी है। इस नई समिति में हावड़ा मध्य के विधायक अरूप राय को चेयरमैन बनाया गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस पद से हटा दिया गया है।

वहीं, अभिषेक बनर्जी को भी राष्ट्रीय महासचिव पद से हटाकर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। हालांकि, ममता खेमे ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। तृणमूल विधायक कुणाल घोष ने कहा कि तृणमूल और ममता बनर्जी एक-दूसरे के पर्याय हैं। पार्टी के संविधान के अनुसार बागी गुट को इस तरह की समिति बनाने या नेतृत्व बदलने का कोई अधिकार नहीं है।

नई समिति में पूर्व मंत्री अरूप विश्वास, विधायक फिरहाद हकीम और रथीन घोष को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महासचिव के रूप में ऋतब्रत बनर्जी के साथ जावेद खान, संदीपन साहा और सबीना यासमिन को जिम्मेदारी दी गई है। अखरुज्जमान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोमवार की बैठक में बागी गुट ने दावा किया कि वही 'असल तृणमूल' है। बैठक में चंद्रिमा भट्टाचार्य के पुत्र और पूर्व पार्षद सौरभ बसु की मौजूदगी भी चर्चा का विषय रही। बजट सत्र समाप्त होने के बाद न्यू टाउन के एक होटल में बागी विधायकों की बैठक हुई। गुट का दावा है कि इसमें 60 विधायक और कोलकाता के लगभग 70 पूर्व पार्षद शामिल हुए। बैठक में 30 सदस्यीय नई राष्ट्रीय कार्यसमिति के गठन की घोषणा की गई। बागी नेताओं ने तृणमूल के संविधान की धारा-20 का हवाला देते हुए कहा कि हर तीन वर्ष में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होना अनिवार्य है, लेकिन 2022 के बाद ऐसी कोई बैठक नहीं हुई।

इसी आधार पर पुरानी कार्यसमिति को भंग कर नई समिति गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बागी विधायक नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी को निलंबित करने का एलान किया है।

ऋतब्रत बनर्जी गुट का कहना है कि पार्टी में 'संवैधानिक संकट' पैदा हो गया था। उनका दावा है कि टीएमसी के संविधान के अनुसार हर तीन साल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन होना चाहिए। आखिरी बार यह समिति फरवरी 2022 में बनी थी और उसके बाद संगठन का पुनर्गठन नहीं किया गया। ऋतब्रत बनर्जी ने बैठक में कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी संगठनात्मक ढांचे का नवीनीकरण नहीं किया गया, इसलिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करना जरूरी हो गया था।

# द. कोरिया की 300 कंपनियां शेयर बाजार से बाहर होगी, एक्सचेंज का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया एक्सचेंज के सीइओ ने कहा है कि देश में लिस्टेड करीब 2,700 कंपनियों में से लगभग 300 कंपनियां अगले साल तक डीलिस्ट हो सकती हैं। यानी उनके शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होंगे।

- देश के स्टॉक एक्सचेंज में 2700 कंपनियां सूचीबद्ध है

यह फैसला किसी एक कंपनी या सेक्टर के लिए नहीं है। इसके पीछे मकसद है निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत बनाना। सवाल यही है कि जब कंपनियां पहले से बाजार में लिस्टेड हैं, तो फिर उन्हें बाहर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, शेयर बाजार सिर्फ कंपनियों का नहीं, निवेशकों के भरोसे का भी खेल है।

## मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत करना

### पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान खींचा

अगर कुल 2,700 कंपनियों में से 300 कंपनियां बाहर होती हैं, तो यह कोई छोटा कदम नहीं है। मतलब हर 100 कंपनियों में करीब 11 कंपनियां बाजार से बाहर हो सकती हैं। यही वजह है कि इस खबर ने पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

### डीलिस्टिंग का मतलब क्या होता है

बहुत से छोटे निवेशक यह शब्द सुनते हैं, लेकिन इसका मतलब पूरी तरह नहीं समझते। डीलिस्टिंग का सीधा मतलब है कि कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होगा। आप उस शेयर को सामान्य तरीके से खरीद या बेच नहीं पाएंगे। जब कोई कंपनी एक्सचेंज के नियमों को पूरा नहीं कर पाती या किसी वजह से उसे बाहर किया जाता है, तो उसे डीलिस्टिंग कहा जाता है।




*निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की कोशिश : कोरिया एक्सचेंज का कहना है कि यह पूरा कदम निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। दुनिया भर के बाजार अब सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।*

### जरूरत पड़ी तो नियम और सख्त होंगे

कोरिया एक्सचेंज ने यह भी साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ी तो और कड़े नियम भी लाए जा सकते हैं। यानी यह सिर्फ शुरुआत हो सकती है। अगर बाजार की गुणवत्ता सुधारने के लिए और कदम उठाने पड़े, तो एक्सचेंज पीछे हटने वाला नहीं है। यह संदेश कंपनियों के लिए भी साफ है कि अब सिर्फ लिस्टेड रहना काफी नहीं होगा। प्रदर्शन भी दिखाना पड़ेगा।

*निवेशकों के लिए बेहतर कंपनियां हो: अगर बाजार में ऐसी कंपनियां बनी रहें जो लगातार खराब प्रदर्शन कर रही हों, नियमों का पालन न करती हों या निवेशकों को कोई खास फायदा न दे रही हों, तो पूरे बाजार की छवि खराब हो सकती है। इसी वजह से कोरिया एक्सचेंज अब बाजार की सफाई के मूड में दिखाई दे रहा है।*

### कोरिया डिस्काउंट क्या होता है

आसान भाषा में समझें तो लंबे समय तक ऐसा माना जाता था कि दक्षिण कोरिया की कंपनियां अच्छी होने के बावजूद उन्हें उतनी वैल्यू नहीं मिलती थी जितनी दुनिया के दूसरे बाजारों में मिलती है। निवेशकों को लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारकों के अधिकार और पारदर्शिता के मामले में सुधार की जरूरत है। यही वजह थी कि कई कंपनियों का वैल्यूएशन कम माना जाता था। अब एक्सचेंज का दावा है कि हालात पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं और यह डिस्काउंट काफी हद तक खत्म हो गया है।

## खबर संक्षेप

### सेबी ने दी चार कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एजीएस हेल्थ, पीजीपी ग्लास, श्रेणी शेयर्स और एसआरआईटी इंडिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

### पूंजीकरण में एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाज़ार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती के कारण रुपये पर दबाव है। रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला।

## जेपी मोर्गन की जारी रिपोर्ट में दावा

# पेट्रोल, डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

**विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद**

**कच्चे तेल की घटती कीमतों से मार्जिन में होगा सुधार**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है।

### ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रही

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे।

## बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता

### मार्च में उत्पाद शुल्क में हुई थी कटौती

सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की थी ताकि खुदरा कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी न हो। जब वैश्विक तेल की कीमतें युद्ध से पहले के स्तर पर आ जाएंगी और स्थिर हो जाएंगी, तो शुल्क को फिर से लगाया जा सकता है।



### एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक



जेपी मॉर्गन ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमाई पर माल भंडार के स्तर पर नुकसान का असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होना चाहिए।

### ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है

इसमें कहा गया, ''मार्जिन में इस सुधार को लेकर हमारे उत्साह को दो बातें सीमित करती हैं। पिछले कुछ महीनों में ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है। इससे मूल्यांकन प्रभावित हुआ है और लाभ का एक बड़ा हिस्सा उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण है। हो सकता है कि सरकार कुछ समय के लिए कर कम रखे, जिससे ओएमसी कर्ज चुका सके। हालांकि, भविष्य में उत्पाद शुल्क बढ़ने का जोखिम बना हुआ है।''

### एचपीसीएल के मार्जिन में पहले से उछाल

*ब्रोकरेज कंपनी का अनुमान है कि बीपीसीएल और आईओसीएल के लिए मौजूदा संयुक्त पेट्रोल और डीजल मार्जिन संघर्ष से पहले के स्तर से अधिक है, जबकि एचपीसीएल के मार्जिन काफी हद तक तेल की कीमतों में हाल के उछाल से पहले के स्तर पर या उससे ऊपर आ गए हैं। यह सुधार बेहतर संयुक्त रिफाइनिंग और विपणन परिवेश को दिखाता है।*

### कीमतें कम होने से कंपनियों को अधिक लाभ

*तेल की कीमतें अगर कम होती रहती हैं तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी)... भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)... में से बीपीसीएल और आईओसी को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।*

## कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी



- सेंसेक्स 291 और निफ्टी 90 अंक चढ़ा
- ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावर ग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वीआईटी विवि प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 94 स्थान ऊपर चढ़कर 597वें नंबर पर

**वेल्लोर।** वीआईटी वि.वि. ने प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 597वां स्थान हासिल करके एक अहम उपलब्धि हासिल की है। ग्लोबल हायर एजुकेशन एनालिसिस फर्म, क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने अपनी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का लेटेस्ट एडिशन जारी किया है। इसमें दुनिया भर के 1,500 से ज़्यादा संस्थानों का मूल्यांकन पाँच मुख्य पैमानों पर किया गया: रिसर्च और डिस्कवरी, लर्निंग एक्सपीरियंस, एम्प्लॉयबिलिटी, इंटरनेशनल एंगेजमेंट और सस्टेनेबिलिटी। इस साल, वीआईटी ने ज़बरदस्त तरक्की की है और 2026 की पिछली रैंकिंग (691) से 94 स्थान ऊपर



चढ़कर बेहतर प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा, 'बेहद कॉम्पिटिटिव ग्लोबल माहौल में, क्यू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में वीआईटी यूनिवर्सिटी का यह अहम सुधार बहुत गर्व की बात है।'

## आईटीईआर के छात्रों ने एसटीएटीएचओएन 2025–26 का खिताब जीता, एसओए का मान बढ़ाया




**भुवनेश्वर।** इनोवेशन, रिसर्च और टेक्नोलॉजी-बेस्ड एजुकेशन के केंद्र के तौर पर अपनी बढ़ती पहचान को साबित करते हुए, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी ने एक और बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। इसके इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च के स्टूडेंट्स की एक टीम ने एसटीएटीएटीएचओएन 2025–26 के ग्रैंड फिनाले में जीत हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के साथ मिलकर आयोजित की थी। इसका मकसद गवर्नेंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को मजबूत करने के लिए सांख्यिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और एनालिटिक्स की क्षमता का इस्तेमाल करना था।

## रुपये में कमजोरी से सोने और चांदी की कीमतें चढ़ीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में सुधार हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी और रुपये की कीमत में गिरावट के कारण सोना 1,700 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी 4,800 रुपये महंगी हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चार दिन की गिरावट का



सिलसिला टूटा और इसका भाव शुक्रवार के 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 1,700 रुपये बढ़कर 1,52,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी 4,800 रुपये बढ़कर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## मंशा ग्रुप द्वारा द हेरिटेज, सोनीपत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



**सोनीपत।** स्वस्थ जीवनशैली और योग के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंशा ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपनी प्रतिष्ठित टाउनशिप द हेरिटेज बाय मंशा में एक विशेष योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे होगा, जिसमें गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी के शिष्यों द्वारा योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र का संचालन किया जाएगा। योग दिवस के इस विशेष आयोजन का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व को समाज तक पहुंचाना है। योग के माध्यम से प्रतिभागियों को तनावमुक्त, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाएगा। योग सत्र के उपरांत प्रातः 8:00 बजे नाश्ते की व्यवस्था की गई है।

## भारत जहाजों के पुनर्चक्रण में दुनिया का अग्रणी देश बना

**नई दिल्ली।** भारत पुराने जहाजों के पुनर्चक्रण के वैश्विक बाजार में 2025 के दौरान 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया का शीर्ष देश बनकर उभरा जबकि 2024 में यह 30.1 प्रतिशत थी। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। पुराने, अनुपयोगी या सेवा से हट चुके जहाजों को तोड़कर उनके हिस्सों को दोबारा उपयोग में लाने की प्रक्रिया जहाज पुनर्चक्रण कही जाती है। आधिकारिक बयान में 'संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन' (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में जहाज पुनर्चक्रण 2025 में बढ़कर 29.9 लाख टन हो गया, जो 2024 के 18.6 लाख टन से करीब 60 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि के साथ 'मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी) 2030' के तहत भारत के दुनिया का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण देश बनने का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है।


## एनएफआर के जीएम ने कामाख्या स्टेशन का निरीक्षण करअंबुबाची मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**मालीगांव।** 22 से 25 जून, 2026 तक होने वाले अंबुबाची मेले की तैयारियों और यात्रियों के प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने 22 जून, 2026 को कामाख्या रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस वार्षिक धार्मिक आयोजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिसके लिए रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर परिचालन और यात्रियों की सुविधा के उपाय किए जाते हैं। निरीक्षण के दौरान, महाप्रबंधक ने तीर्थयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और कुशलता के लिए किए गए विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का आकलन लिया, जिनमें भीड़ प्रबंधन के उपाय, यात्री सुविधाएं, साफ़-सफ़ाई, पेय जल की सुविधा, चिकित्सीय सहायता, हेल्प डेस्क और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती शामिल है। उन्होंने स्टेशन पर तैनात रेल



अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और मेला अवधि के दौरान यात्रियों की संभावित भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्रियाकलापों के तैयारियों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने निरंतर सतर्क रहने, भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने और यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया।

## शब्द पहेली - 6265




**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6264 का हल**





## स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा

# यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

### विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



## मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर




स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।

जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

# केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

## ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल

**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे



मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

# ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।

### ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक




### बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### यामाशिता ने खिताब जीता 24वें स्थान पर अदिति

**बेलमोंट।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पार था, जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया। अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं।

### इंग्लिश ओपनः संयुक्त 12वें स्थान पर तलवार

**वॉरसेस्टरशर।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। तलवार मामूली अंतर से शीर्ष 10 में जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 अंडर रहा और वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे रहे। अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाने वाले तलवार को शीर्ष 10 में जगह बनाने के लिए अंतिम होल में एक बर्डी की जरूरत थी लेकिन वह पार का स्कोर ही बना पाए। इस साल भारत में तलवार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीजीटीआई ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहना रहा है। अमेरिका के जॉन कैटलिन (67) ने प्ले ऑफ में नॉर्वे के क्रिस्टियन क्रोग योहानसेन (66) को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों का स्कोर 18 अंडर रहा था जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पांच शॉट बेहतर था।



## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस



निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम


प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

# आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली




एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।

### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य



के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

# डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी



एजेंसी ▶▶| एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं।

## आज से यूएस ओपन

# अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

### तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा।

## एफआईएच प्रो लीग : एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद पहली बार होगा आमना-सामना

# जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे।

उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम



नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

### नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है 9 टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है।

### महिला खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए। अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

**शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके पीयूषः** प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के इन तीनों देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों, रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी और अधिक मजबूती

# अगले महीने 6 जुलाई से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने 6 से 11 जुलाई तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना है।

साथ ही रणनीतिक साझेदारी से लेकर आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाना है। इस यात्रा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। पीएम की इंडोनेशिया की यात्रा में भारत से जकार्ता को की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद का मुद्दा भी शामिल किया जा सकता है। बीते कुछ वक्त से दोनों देशों के बीच इस संबंध में बातचीत चल रही है।



### जकार्ता से होगी यात्रा की शुरुआत

सूत्रों ने बताया कि पीएम की इस विदेश यात्रा का आगाज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से होगा। जहां प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के अपने समकक्ष और प्रधानमंत्री प्रबोवो सुबियांतो के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक करेंगे। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं, समुद्री सुरक्षा, रक्षा सहयोग और व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा दोनों देशों के शीर्ष नेता आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने पिछले साल 2025 में की गई अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था। जिसे लेकर फिलहाल विदेश मंत्रालय तीनों देशों के विभागीय अधिकारियों के साथ जरूरी मंत्रणा कर रहा है। ज्ञात हो कि इसी महीने 7 जून को भारत, इंडोनेशिया के विदेश मंत्रियों के मध्य आठवें संयुक्त आयोग की भी एक जरूरी बैठक हुई थी। जिसमें साझा संबंधों के मामले के अलावा भारतीय प्रधानमंत्री की आगामी जकार्ता के मसले पर भी चर्चा की गई थी।

### 7 से 8 जुलाई तक न्यूजीलैंड में रहेंगे प्रधानमंत्री

भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का दूसरा पड़ाव न्यूजीलैंड होगा। न्यूजीलैंड के मीडिया के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी 7 से 8 जुलाई तक न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे। जो बीते करीब चार दशक में किया जाने वाला किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। जिसमें वह न्यूजीलैंड के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ दोनों देशों के बीच हालिया समय में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ाने के विषय पर चर्चा करेंगे। साथ ही वह ऑकलैंड में 'किया ओरा मोदी' नामक एक भव्य कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित भी कर सकते हैं।

### यात्रा का अंतिम पड़ाव ऑस्ट्रेलिया

पीएम की इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव ऑस्ट्रेलिया होगा। जहां पर वह अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। साझा संबंधों (चीन की आक्रामकता का मामला शामिल), रणनीतिक साझेदारी और यूरेनियम आयात जैसे मुद्दे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया जा सकता है।

प्लांट का संचालन फिर से शुरू करने के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें 54 लोग घायल, 18 अन्य लापता हैं

# कतर की बरजान गैस सुविधा में हुए विस्फोट में मारे गए 13 भारतीय और पाकिस्तानी श्रमिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच हुए शांति समझौते के बीच कतर से भारत के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि वहां के रास लफान औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बरजान गैस सुविधा में बीते रविवार रात हुए एक भीषण विस्फोट में 13 भारतीय और पाकिस्तानी श्रमिकों की दुखद मौत हो गई है। जबकि 54 लोग घायल हैं और लापता होने वालों की संख्या 18 है।

मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कतर स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों के साथ मुश्किल की इस घड़ी में मजबूती के साथ खड़े होने और उन्हें हर संभव जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए कुछ हेल्पलाइन नंबरों के साथ ईमेल का पता जारी किया है।

**भारतीय दूतावास ने घटना पर गहरी चिंता जताते हुए मदद के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर, ईमेल का पता**



### भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

दोहा में भारतीय दूतावास ने इस पूरी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही कहा है कि इस कठिन समय में दूतावास खाड़ी के इस महत्वपूर्ण देश में रहने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय, कतर की सरकार और वहां की आम जनता के साथ मजबूती से खड़ा है। हम घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और लापता लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना करते हैं। मामले के संबंध में किसी भी तरह की पूछताछ के लिए दूतावास ने +974-55647502 और +974-55384683 हेल्पलाइन नंबर और cons.doha@mea.gov.in ईमेल का पता जारी किया है।

### प्लांट फिर से शुरू करते वक्त हुआ हादसा

कतर के ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह हादसा प्लांट का संचालन एक बार फिर से शुरू करने के दौरान हुआ है। जिसके पीछे तकनीकी खामी जैसी वजह हो सकती है। वहीं, कतर के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि इस विस्फोट के बाद बने हालात से किसी भी तरह के गैस रिसाव या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। उल्लेखनीय है कि कतर का रास लफान औद्योगिक क्षेत्र अपनी कई महत्वपूर्ण रिफाइनरियों के लिए जाना जाता है। जिसमें एलपीजी गैस उत्पादन करने वाली रिफाइनरियां और गैस प्रसंस्करण-निर्यात केंद्र भी शामिल हैं। बीते वक्त में क्षेत्र में अमेरिका के साथ जारी युद्ध के बीच ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइलों से रास लफान केंद्र पर भी हमला किया था।

## लाहौल स्पीति में बर्फबारी से खुश हुए पर्यटक



*मनाली। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में जून महीने में लगातार हिमपात का क्रम जारी है। रोहतांग सहित शिंकुला और बारालाचा दर्रे में रुक-रुक कर हिमपात हो रहा है। जून महीने में हिमपात से पर्यटन कारोबारियों सहित पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं। पर्यटक बर्फ के फाहों में झूम रहे हैं। मैदानी इलाकों में भी बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। है। लाहौल के मशहूर पर्यटन स्थल शिंकुला व बारालाचा दर्रे में हिमपात हो रहा है। शिंकुला व बारालाचा दर्रे सैलानियों के स्नो प्वाइंट बने हुए हैं।*




अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में सहमति को लेकर अभी भी भ्रम

# पाक पीएम बोले- वार्ता सफल रही, ईरान का दावा- कई मुद्दे सुलझे नहीं

**60 दिनों के भीतर अंतिम समझौता करने का लक्ष्य**

**लेबनान में युद्धविराम पर अलग से होगी बातचीत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर स्विट्जरलैंड में आयोजित लेक लूसर्न समिट के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री जेडी वेंस, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी उपस्थित रहे। बैठक के बाद पीएम शरीफ ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता सफल रही। शहबाज शरीफ ने कहा कि दोनों पक्ष अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा राजनीतिक स्तर पर निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाने और आगे तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू करने का भी फैसला हुआ है। वहीं, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी एजेंसी ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल के करीबी सूत्र के हवाले से यह दावा किया है कि स्विट्जरलैंड में अब तक ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। कई मुद्दे सुलझे नहीं हैं। हालांकि, पूरे सप्ताह बर्गेनस्टॉक में तकनीकी स्तर की वार्ताएं जारी रहेंगी।


जेडी वेंस, शहबाज शरीफ और शेख अल थानी

### अमेरिका-ईरान के बीच सीधा संपर्क होगा

*बैठक के बाद बताया गया है कि दोनों देशों के बीच एक सीधा संपर्क तंत्र (हॉटलाइन जैसी व्यवस्था) बनाया जाएगा। अगर कोई तनाव या गलतफहमी पैदा होती है तो दोनों पक्ष सीधे बात कर सकेंगे। हॉटलाइन जैसी व्यवस्था बनाने का एक बड़ा मकसद यह भी है कि होर्मुज से गुजरने वाले तेल और व्यापारिक जहाज सुरक्षित रहें और किसी टकराव का शिकार न हों। लेबनान में संघर्ष दोबारा न बढ़े, इसके लिए एक डी-कॉन्फ्लिक्शन सेल बनाया जाएगा। यह व्यवस्था युद्धविराम के पालन पर नजर रखेगी और किसी भी तनाव को बढ़ने से रोकने की कोशिश करेगी।*

### ट्रंप के इशारों पर काम नहीं करता: नेतन्याहू

*इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि लोग यह समझते हैं कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर काम करते हैं, लेकिन यह सच नहीं है। यरुशलम में आयोजित एक समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में लोग कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप वही करते हैं जो मैं उनसे कहता हूं। वहीं इजराइल में कुछ लोग सोचते हैं कि मैं वही करता हूं जो ट्रंप चाहते हैं। लेकिन दोनों ही बातें गलत हैं।*

दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर की गई चर्चा

## इजरायली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल बरम ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इजरायल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (डीजी) सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमीर बरम ने सोमवार को राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की है। जिसमें मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के मामले पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि रक्षा मंत्री के साथ हुई इस मुलाकात के दौरान इजरायल के रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ने भारत-इजरायल विशेष सामरिक साझेदारी के ढांचे के तहत सहयोग का विस्तार करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की एक बार फिर से पुष्टि की है। इजरायल के महानिदेशक की रक्षा सचिव राजेश कुमार के साथ भी एक मुलाकात हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच अगली पीढ़ी की सैन्य तकनीक और उन्नत रक्षा क्षमताओं को लेकर सह-उत्पादन, विकास के साथ रक्षा सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

### ओपनएआई से पद छोड़ भारत लौटै अनदकट

**नई दिल्ली।** ओपनएआई में काम कर चुके श्यामल अनदकट वापस भारत लौट आए हैं। श्यामल ने ओपनएआई में करीब चार साल बिताए और सैन फ्रांसिस्को के बे एरिया ऑफिस से कंपनी की एप्लाइड इवैल्स टीम का नेतृत्व किया। अनदकट ने कहा कि वे अब भारत से एआई का भविष्य तय करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत में टैलेंट या मौकों की कोई कमी नहीं है, बल्कि इस बात पर विश्वास की कमी है कि दुनिया को बदलने वाली कंपनियां दुनिया के किसी भी कोने से बनाई जा सकती हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109